तनाव अधिक है वही दूसरी और शहरी क्षेत्र की योगाभ्यासी बालिकाओं में सामाजिक तनाव गैर–योगाभ्यासी बालिकाओं से कम है। कुमार, लखेड़ा (2020) के शोध परिणाम भी यौगिक क्रियाओं के सकारात्मक प्रभाव विद्यार्थियों पर प्रदर्शित होते है।

शैक्षणिक सुझाव : सामाजिक व्यवहार यदि छात्रों का सुदृढ़ है तो वह किसी भी परिस्थिति में सामंजस्य स्थापित कर सकते हैं। वर्तमान परिस्थिति में छात्रों के विभिन्न प्रकार के तनावों जैसे परीक्षा तनाव सामाजिक तनाव कैरियर सम्बन्धित तनाव को कम करने के लिए शिक्षक एवं अभिभावक दोनों को सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी निभानी पड़ेगी। विभिन्न शिक्षण संस्थानों के यौगिक क्रियाओं से सम्बन्धित प्रशिक्षण विद्यार्थियों को नियमित रूप से देना चाहिए साथ ही घर का ऐसा माहौल होना चाहिए जिसमें बच्चें किसी न किसी शारीरिक क्रियाओं में संलग्न रहे, चाहे वह कोई खेल हो या यौगिक क्रियाऐं। विभिन्न शोध अध्यनों के निष्कर्षो से यह ज्ञात होता है कि यौगिक क्रियायें (षट्कर्म, प्रणायाम एवं आसान) विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को सुनियोजित करते है तथा साथ ही अनेक प्रकार के अप्रत्याशित तनावों एवं व्याधाओं से मुक्त रखते है। शिक्षकों को ऐसे वातावरण का निर्माण करना चाहिए जिससे वह विद्यार्थियों को समस्या से भयमुक्त कर पायें एवं अभिभावकों को घर का वातावरण इस प्रकार से तैयार करना चाहिए जिससे छात्र का मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहे वह अपना अधिगम कार्य ठीक प्रकार से कर पाए साथ ही अभिभावकों को अधिक जागरूक होने के साथ–साथ अपने व्यवहार में लचीलापन लाने की आवश्यकता है ताकि उनके बच्चे अपनी बातों को निर्भय होकर उनसे साझा कर पाएँ।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:–

1. Banerjee, S. (2011). Effect of various counselling strategies on academic stress of secondary Level students. Unpublished Ph.D. Thesis, Punjab University, Chandigarh.
2. Batni devi and Meetu (2003) Effectiveness of selected yogic ezercise on anziey and adjustment of eleventh grades. Recent Research in Education and psychology, vol 8 (1) 85-88.
3. Bhuyan, B., & Mishra, P. K. (2019) Effects of yoga on performance in a letter-cancellation task under academic examination stress.
4. Bisht, A.R. (1980). A study of stress in relation to school climate and academic achievement (age group 13-17). Unpublished doctoral thesis, Education, kumaon university.
5. https://theyogainstitute.org/how-can-yoga-help-students-alleviate-examination-stress-and-make-them-perform-better/
6. J. V. Rama Chandra Rao (2015). Academic Stress among Adolescent Students, Conflux Journal ofEducation, ISSN 2320-9305 E-ISSN 2347-5706 vol 2(9). http://cjoe.naspublishers.com/
7. Krishan, L. (2014). Academic Stress among Adolescent In Relation To Intelligence and Demographic Factors, American International Journal of Research In Humanities, Arts And Social Sciences, ISSN (print): 2328-3734, ISSN (online): 2328-3696, ISSN (cd-rom): 2328-3688 pp123-129.
8. Rajendran, V. G., Jayalalitha, S., & Adalarasu, K. (2022). EEG Based Evaluation of Examination Stress and Test Anxiety Among College Students. *Irbm*, *43*(5), 349-361.
9. Rani, J.N. and Rao, K.V.P. (2005) Impact of yoga training on body image and depression Andhra Unversity, Vishkhapatnam Psychological Studies, Vol 50(1)98-100.
10. Singh, R. (2022). A comparative study on effects of yoga and physical workout on psycho-physiological variables during examination stress in senior secondary school students.
11. राय, पी. एन., (2007). अनुसंधान परिचय, आगरा, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, आगरा प्रकाशन, आगरा।
12. सिंह, ए.के. (2009). मनोविज्ञान समाजशास्त्र तथा शिक्षा में शोध विधियाँ, मोतीलाल बनारसी दास प्रकाशन, दिल्ली।
13. कुमार, एस. एवं लखेड़ा एस. (2020) उच्च माध्यमिक स्तर में अध्ययनरत् योगाभ्यासी एवं गैर–योगाभ्यासी विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, समायोजन एवं शैक्षिक तनाव में तुलनात्मक अध्ययन, शोधप्रबन्ध, हे0न0ब0 गढ़वाल वि0वि0 श्रीनगर।
14. गुप्ता एवं गुप्ता, (2008), शिक्षा के मनोवैज्ञानिक आधार, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
15. सिंगल, पी0 (2021) विद्यार्थियों को परीक्षा में अगर अच्छें नंबरों से होना है पास तो इन बातों का का रखें विशेष ध्यान, जीवन उत्साह https://www.jeevanutsahnews.in/?p=46119
16. बेरॉन (1992) सन्दर्भित सामान्य मनोविज्ञान, अरूण कुमार सिंह (2010)दिल्ली मोतीलात बनारसी दास, पृ0 संख्या 754–756।
17. मनानी, प्रीति एवं गौतम, मुकेश कुमार (2011) एग्जामिनेशन एन्जाइटी एज ए डिटरमेन्ट ऑफ डिप्रेशन एण्ड सुसाइडल आइडिएशन एट हायर सकेण्डरी लेवल फोर्थ एनुअल इशु डी0 ई0 आई0 फोएरा पृ0 149–150।
18. सिंह, जोगेन्दर (2012) नो टेशन, अमर उजाला(उडान), आगरा संस्करण 08 फरवरी पृ0 1।
19. मुछाल, एम0 के0 (2004) योग के वैज्ञानिक पहलू, योजना, वोल्यूम 52 न0 2।
20. मुछाल, एम0 के0 (2005) मानसिक अवसाद एवं योग, योजना, वोल्यूम 49 न0 2।
21. मुछाल, एम0 के0 (2006) तनाव मुक्ति में योग, योजना, वोल्यूम, प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली वर्ष, 51 न0 1।
22. मुछाल, एम0 के0 (2009) प्राणायाम: रोगोपचार की सामर्थ्यदायी प्रक्रिया, योजना प्रकाशन, विभाग नई दिल्ली, वोल्यूम 52 न0 2।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

मध्यप्रदेश में कर्मचारी बीमा योजना का अध्ययन

गीतांजली कर्डक* डॉ. पी.के सनसे**

* शोधार्थी, वाणिज्य अध्ययन शाला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** शोध निर्देशक, भेरूलाल पाटीदार शासकीय महाविद्यालय, महू (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – कर्मचारी राज्य बीमा योजना की अवधारणा कर्मचारियों के लिए उनके सामाजिक जीवन को सुरक्षित करने के लिए बहुत उपयोगी है। इस अध्ययन का उद्देश्य म.प्र. में कर्मचारी राज्य बीमा के निष्पादन की पहचान करना है। अध्ययन के स्त्रोत के रुप में द्वितीय समंको का उपयोग किया गया और 2015 से 2020 की अवधि को शामिल किया है। अध्ययन मुख्य रुप से चिकित्सा आकस्मिकताओं पर केन्द्रित है जैसे कि बीमारी, मृत्यु, मातृत्व या रोजगार की चोट और व्यावसायिक बीमारी के कारण विकलांगता।

प्रस्तावना – कर्मचारी राज्य बीमा योजना सामाजिक सुरक्षा के उपायों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसमें कई छोटे संगठनों में काम करने वाले व्यक्तियों एवं उनके परिवार के स्वास्थय की देखरेख सुविधा उपलब्ध करता है। सामाजिक सुरक्षा की समाज में एक महत्वपूर्ण भूमिका रखती है। यह लोगो के बीच अंतर को मिटाने में मदद करती है, जो अक्सर लोगों के बीच असमानता को कम करने के लिए एक अच्छा कार्य वातावरण देकर समाज में कम आय की स्थिति के कारण होती है। सामाजिक सुरक्षा कानूनी अधिकारो के रुप में अधिकारों या लाभो को सुनिश्चित करके राष्ट्रीयता, जातियता लिंग के आधार पर भेदभाव के कारको को मिटा देती है। सामाजिक सुरक्षा एक प्रकार की सहायता है जों किसी व्यक्ति को यह सुनिश्चित करती है कि उसे बीमारी, चोट, वृद्धावस्था अपंगता एवं मृत्यु के बाद भी सहायता अवश्य मिलेगी।

अध्ययन की पृष्ठभूमि – कर्मचारी राज्य बीमा एक स्वास्थ्य बीमा योजना है जो कामगार वर्ग कों स्वास्थ्य बीमा एवं आर्थिक सहायता प्रदान करता है। इसके फण्ड का प्रबंध कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा क.रा.बी. अधिनियम 1948 में निर्धारित नियमो एवं विनियमों के अनुसार किया जाता है।

भारत सरकार द्वारा औद्योगिक श्रमिकों के लिए सन् 1942 में स्वास्थ्य बीमा योजना पर एक रिर्पोट बनाने के लिए बी.पी. अदारकर को नियुक्त किया गया था। यह रिपोर्ट 1948 में क.रा.बी. अधिनियम का आधार बनी। क.रा.बी.अधिनियम 1948 की घोषणा ने एक एकीकृत आवश्यकता आधारित सामाजिक बीमा योजना की कल्पना की, जो बीमारी, अपंगता, रोजगार चोट के कारण मृत्यु। जिसके परिणामस्वरुप मजदूरी की अर्जन क्षमता की हानि होती है। अधिनियम कामगारों और उनके आश्रितों को यथोचित चिकित्सा देखरेख उपलब्ध करता है।

साहित्य की समीक्षा :

1. **रशीदा के.एन. (2015) –** इस अध्ययन में सभी कर्मचारियों को बीमारी के हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अवकाश लाभ और अधिकांश कर्मचारी क.रा.बी.निगम द्वारा प्रदान की जाने वाले अन्त्येष्ठ खर्चे का भुगतान के बारे में जानकारी है। बड़ी संख्या में श्रमिक सामान्य बीमारियों के इलाज के लिए क.रा.बी. औषधालयों का उपयोग कर रहे है। उनमें से अधिकांश व्यवसायिक खतरों के लिए है।

2. **श्री जयशंकर शर्मा (2015) –** इस अध्ययन में क.रा.बी. योजना की सभी हितलाभों के बारे में तथा कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम में विविध संशोधन एवं प्रावधानो के बारे मे बताया तथा क.रा.बी. निगम एवं भविष्य निधि संगठन मे व्याप्त सदस्यो से साक्षात्कार किया। निष्कर्ष में क.रा.बी. अस्पतालों में आधुनिक तकनीक युक्त उपकरणों की कमी व अच्छी दवाईयो की उपलब्धता नही है। इस हेतु क.रा.बी. निगम को ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। जिससे कामगार वर्ग उपर्युक्त सुविधा का भरपूर लाभ उठा सके।

अध्ययन का उद्देश्य – मध्यप्रदेश में कर्मचारी राज्य बीमा के निष्पादन की स्थिति का अध्ययन करना।

अध्ययन की प्रविधि – यह शोध द्वितीयक समंको पर आधारित है जो पहले से ही एकत्र किया गया है और अन्य स्त्रोतों से आसानी से उपलब्ध होते है। इस शोध अध्ययन की अवधि 2015 से 2020 तक की है।

समंको का विश्लेषण और व्याख्या :

क.रा.बी. के लाभ :

1. **चिकित्सा हितलाभ –** क.रा.बी. चिकित्सा आकस्मिकताओं जैसे बीमारी, प्रसूति, मृत्यु या रोजगार चोट और व्यावसायिक बीमारी के कारण विकलांगता की स्थिति में श्रमिकों के लिए एक व्यापक सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम है। क.रा.बी. योजना बीमित व्यक्तियों के लिए उपचार, चिकित्सा देखभाल, नकद हितलाभ और अन्य सहायता प्रदान करती है।

क.रा.बी. अधिनियम में 10 या अधिक व्यक्तियों को रोजगार देने वाले व्यवसायों को रोजगार देने वाले व्यवसायों और प्रतिष्ठानों के लिए पंजीयन और अनुपालन अनिवार्य है।

2. **क.रा.बी. योजना में चिकित्सा हितलाभ की पात्रता –** क.रा.बी. योजना के अन्तर्गत प्रदान की जाने वाले कुछ मुख्य हितलाभ बीमारी, हितलाभ, विकलांगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ मातृत्व/प्रसूति हितलाभ और चिकित्सा हितलाभ है। क.रा.बी. योजना के चिकित्सा हितलाभ की प्राप्ति बीमित व्यक्ति और परिवार के सदस्यों को उस दिन से जब वह व्यक्ति बीमा योग्य रोजगार में प्रवेष करता है। किसी व्यक्ति के चिकित्सा पर

व्यय की कोई सीमा नहीं है।

3. क.रा.बी. चिकित्सा देखरेख का लाभ – म.प्र.क.रा.बी. के पास 42 औषधालय और 6 अस्पताल 1 एनेक्सी वार्ड तथा 240 बीमार चिकित्सा व्यवसाय कार्यरत है। ये चिकित्सालय इन्दौर, भोपाल, ग्वालियर, देवास, उज्जैन और नागदा शहरों मे स्थित है तथा एक एनेक्सी वार्ड मंदसौर में है। एक बीमित व्यक्ति को चिकित्सा देखरेख क.रा.बी. अस्पताल या औषधालयो से प्राप्त होती है और उसे ओ.पी.डी. सेवाएँ, पेंशन सेवाएँ, नैदानिक सुविधाएँ मुफ्त दवाएँ और मरहम पट्टी आदि प्रदान की जाती है।

यदि गंभीर बीमारियो के मामले मे जिनका इलाज की सुविधा क.रा.बी. अस्पताल ये नही किया जा सकता है, परिवहन पर आकस्मिक व्यय, परिचालको के लिए यात्रा व्यय (यदि आवश्यक हो) का भुगतान क.रा.बी. निगम द्वारा किया जा रहा है। सुपर-स्पेशियलिटी, उपचार के लिए पात्रता बीमित व्यक्ति (स्वयं के लिए) के लिए बीमा योग्य रोजगार में 3 महीने (कम से कम 39 दिनों के लिए भुगतान किए गए अंशदान के साथ) और बीमित व्यक्ति द्वारा बीमा योग्य रोजगार के लिए 6 महीने (कम से कम 78 दिनों के लिए भुगतान किए गए अंशदान के साथ है। उनके परिवार के सदस्य को चिकित्सा सुविधा प्राप्त होती है क.रा.बी. निगम के द्वारा बीमितो को गंभीर बीमारी होने पर शल्य चिकित्सा के लिए रेफरल व्यवस्था के अन्तर्गत प्रदेश के ख्यात एवं प्रतिष्ठित अस्पतालों में इलाज की व्यवस्था करवाई जाती है। जिन बीमारी का इलाज बीमा अस्पतालों मे संभव नही है तो वह निगम द्वारा अधिकृत किए गए कुछ प्रमुख अस्पतालों मे मरीज को रेफर कर देते है। उन अस्पतालों मे मरीज का उपचार, नैदानिद सुविधा और शल्य चिकित्सा जैसे कार्य किये जाते है और इसके लिए बीमित को कोई भुगतान नही करना होता है। वहॉ के पूर्ण व्ययो का भुगतान सीधे निगम द्वारा ही किया जाता है। कुछ क.रा.बी. अस्पतालो मे उपलब्ध सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं के माध्यम से टाई-अप व्यवस्था के माध्यम से रेफरल आधार पर क.रा.बी. पैनलबद्ध चिकित्सा संस्थानो के माध्यम से सुपर स्पेशियलिटी उपचार प्रदान किया जाता है।

4. वृद्धावस्था एवं सेवानिवृत्ति लाभ- क.रा.बी. चिकित्सा हितलाभ को बढाया गया है जिस मे बीमित व्यक्ति जो वृद्धावस्था कि कारण या काम संबंधित चोट के कारण विकलांगता के कारण रोजगार से बाहर हो जाते है। ऐसे व्यक्तियो के लिए आवश्यकतानुसार कृत्रिम अंग, कृत्रिम डेन्वर, चश्मा, श्रवण यंत्र, कार्डियल पेसमेकर, आदि के साथ-साथ क.रा.बी. सुविधाओ मे चिकित्स देखरेख नि:शुल्क प्रदान की जाती है।

5. बीमित व्यक्ति एवं हितलाभ- जिस कर्मचारियों की मजदूरी या वेतन के रुप में प्रतिमाह रु. 1000/- या उससे कम आय है उनका क.रा.बी. में पंजीकरण अनिवार्य है। नियोक्ता को 4.75% से तथा कर्मचारियों को सकल वेतन का 1.75% हिस्सा देना होता है अर्थात कुल अंशदान 6.5% है जो वर्ष 2019 में यह अंशदान दर कम होकर 4% हो गया जिसमे नियोक्ता का अंशदान की दर 3.25% तथा कर्मचारियों के लिए दर 0.75% है। इस फण्ड की निगरानी क.रा.बी. अधिनियम के तहत स्थापित क.रा.बी.निगम द्वारा की जाती है। नियोक्ता को निगमन के 15 दिनों के भीतर अनिवार्य रुप से पंजीयन करना होता है। क.रा.बी. निगम चिकित्सा हितलाभ और नकद हितलाभ बीमित कार्ड धारक और उसके परिवारजन के चिकित्सा देखरेख के प्रावधान है। अब क.रा.बी.निगम के देश के किसी भी शहरों में क्षेत्रीय कार्यालयो, औषधालयों, और अस्पतालों का एक विशाल नेटवर्क स्थापित किया है। जिसके प्रशासन एवं पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है।

तालिका-1: म.प्र. मे क.रा.बी. निगम में बीमित व्यक्तियों और लाभार्थियों की संख्या का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	वर्ष	बीमित व्यक्तियों की संख्या	लाभार्थियों की संख्या
1	2015-16	511630	1985124
2	2016-17	546800	2121585
3	2017-18	792130	3073464
4	2018-19	949710	4063369
5	2019-20	1047260	5062427

स्त्रोत – क.रा.बी. निगम वार्षिक रिर्पोट

उपरोक्त तालिका-1 में पिछले चार वर्षो की तुलना में बीमित व्यक्तियों और लाभार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है।

तालिका -2: म.प्र. मे क.रा.बी. योजना में कवर किए गए कर्मचारियों की संख्या

क्र.	वर्ष	योजना में कवर किए गए कर्मचारियों की संख्या
1	2015-16	448190
2	2016-17	481530
3	2017-18	718720
4	2018-19	944310
5	2019-20	953610

स्त्रोत – क.रा.बी. निगम वार्षिक रिर्पोट

उपरोक्त तालिका -2 में वर्ष 2015-16 से 2019-20 तक क.रा.बी. योजना के तहत कवर किए गए कर्मचारियों की बढ़ती हुई संख्या को दर्शाती है।

निष्कर्ष :

1. यह अध्ययन म.प्र. में क.रा.बी. योजना के निष्पादन को दर्शाता है।
2. यह योजना मुख्य रुप से चिकित्सा आकस्मिकताओं पर केन्द्रित है जैसे आश्रितजन, बीमारी, प्रसूति, मृत्यु, रोजगार चोट और व्यावसायिक बीमारी के कारण अपंगता।
3. म.प्र. में क.रा.बी. के चिकित्सा ढांचा है। जिसमें 6 बीमा अस्पताल, 42 औषधालय, 1 एनेक्सी वार्ड है। ये अस्पताल इन्दौर, देवास, भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन और नागदा में तथा 1 एनेक्सी वार्ड मंदसौर में है।
4. पिछले चार वर्षो की तुलना में वर्ष 2020 में बीमित व्यक्तियों और लाभार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है। क.रा.बी योजना के तहत 9.53 लाख कर्मचारी शामिल है।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम भारत सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली एक योजना है। जो पूरी तरह से कर्मचारियों के चिकित्सा बीमा से संबंधित है। यह योजना बीमित व्यक्तियों को चिकित्सा देखरेख की सुविधाएँ, नकद हितलाभ और अन्य सहायता प्रदान करती है।इस अध्ययन से हमें यह ज्ञात होता है कि म.प्र. में कितने बीमित व्यक्तियों का बीमा है, कितने लाभार्थी है और कितने लोगों को क.रा.बी. योजना के तहत कवर किया जाएगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. रशीदा के.एन. (2015) – धर्मदय पंचायत, केरल में कर्मचारियो की राज्य बीमा सेवाओं की जागरुकता और उपयोग-पुस्तकालय पेशेवरों

के प्रचार के लिए सोसायटी खण्ड–2
2. श्री जयशंकर शर्मा (2015) – कर्मचारी राज्य बीमा योजना का विश्लेषणात्मक शोध जबलपुर जिले के संदर्भ में Scholarly Research Journal For Inter Disciplinary Studies
3. दुबे आर एन (2009) कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम इण्डिया पब्लिशिंग कम्पनी ,रायपुर
4. वेबसाइट: http://www.esic.nic.in
5. क.रा.बी. निगम की वार्षिक रिपोर्ट (2015 से 2020)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

Phytochemical Screening of Active Phytocontents of Guizotia Abyssinica Plant Seeds by Different Solvent

Dr. S.K. Udaipure*

***Prof. & Head (Chemistry) Govt. N.M.V. College, Narmadapuram (M.P.) INDIA**

Abstract - Many plant Species used in the treatment of different diseases. Plant derived active compound have played an important role in the development of clinically useful agents. Guizotia abyssinica plant seeds are used for many disease treatment. Aim of the present study is investigate the phytochemical analysis of Methanol, petroleum ether, Chloroform and Acetone extracts of Guizotia abyssinica plants. Qualitative analysis of phytochemical Screening reveals the presence of Phenol, Saponins, Alkaloids, Protein and Carbohydrates. Current research describes a simple, effective and reproducible Comparative phytochemical analysis of natural seeds.
Keywords- Medicinal plants, Phytochemicals, Guizotia abyssinica, Antioxidant activity.

Introduction - Plants have been an important Source of medicine for thousands of years. Plants are the source of many modern medicine. Phytochemicals are responsible for the healing properties of plants. Plants turn out many secondary metabolites together with flavonoids, Alkaloids, Steroids, Saponins, terpenoids and glycosides to safeguard themselves from the attack of present infectious agent, insects, pest and environmental stresses.[1]

Niger (Guizotia abyssinica) is an oil seed plant cultivated for over 5000 years.It is widely grown in Southern India and Ethiopia. In India, it is cultivated on the slopes of hills and plains along the coasts of Madhya Pradesh, Chhattisgarh, Odessa, Maharashtra, Bihar, Karnataka, and West Bengal. G. abyssinica dicotyledonus plant, medium to fine branches, growing up to 2 m high. The plant grows very well in poorly drained, heavy clay soils. An important feature of this plant is that it provides good seed yield even under poor growing conditions. Niger is heavily cultivated for the extraction of Oil used for soap, lighting, lubrication and used as biodiesel. Niger oil absorbs the fragrance of flowers used as a base oil in the perfume industry. The plant is used in various Indian communities for the treatment of rheumatism, rheumatoid arthritis and infectious diseases.[2]

Phytochemicals are basically divided into two groups of Primary and secondary metabolites based on the activity of plant metabolism. Primary or basic metabolites include regular carbohydrates, amino acids, proteins and chlorophyll while secondary metabolites include alkaloids, saponins, Steroids, flavonoids, tannins and more.[3]

Materials and Methods

Collection of Samples - Guizotia abyssinica seeds are collected from forest region of Betul, M.P., India were Collected in the winter season. The plant calibrated taxonomically and was preserved for extraction.

Preparation of Solvent Extracts of plants - Guizotia abyssinica seeds were properly cleaned with running water then properly removed with purified water. The Seeds dried for 5 days at ambient temperature for shade. Second, dried seeds were coarsely used with a mortar and pestle and then a mechanical blender was used to ground them further. 30gm 340 ml of organic Solution of Methanol & D.W. were collected from the sample extraction at Soxhlet. The extraction was completed in 8 days at 65°c. In order to form a paste, extract were then evaporated at 45^0C and further transfer to sterile and refrigerated once used. [4][5]

Identification tests for Phytochemical Constituents - Phytochemical analysis was performed to determine the presence of bioactive Compounds like carbohydrates, proteins, starch, amino acids, steroids, glycosides, flavonoids, alkaloids, tanning, Saponins, Phenols and resins by the following procedure [6][7]

1. Test for Alkaloids - 5ml of the prepared extracts were volatilized to standing. The residue was taken in 5 ml of acid, saturated with chemical compound and filtered. The filtrate was one by one tested with following reagents:

(A) Wagner's Test - To few ml of each of the sample solution, Wagner's reagent (iodine in potassium iodide) was added, which resulted in the formation of reddish brown precipitate indicating the presence of alkaloids.

(B) Mayer's Test - To 1ml of each of the sample solution few drops of Mayer's reagent (Potassium mercuric chloride solution) was added. Formation of cream white precipitate indicates the presence of alkaloids.

2. Test for flavonoid - To 4cc of extract add 1.5cc 50% methanol solution. The solution was heat and metal chemical element was further to this solution, 5-6 drops of centered HCl was further, red color made up our minds for flavonoids and Orange color for flavones.

3. Test For Phenols - To the crude extract 2ml of 22 metal chloride resolution was extract and black coloration was firm for the presence of phenols.

4. Test for terpenoids (Salkowski Test) - 5cc of each extract was mixed during a try of cc of Chloroform and con. H, SO_4 (3ml) was strictly extra to create a layer. A brown coloration of the bury face was intentional to indicate positive results for the presence of terpenoids.

5. Test for Quinones - About 0.5 gm of plant extract was taken and extra 1 c.c. of extract and 1cc of con. H, SO_4 was extract formation of red color shows the presence of quinones. One drop of ethanol take a look at resolution is placed on a filter paper, followed by one drop of 0.2% ethanolic phenylacetonitrile resolution and one drop of 0.1 N hydroxide. A positive response is indicated by the appearance of a blue or violet stain edged by a yellow ring.

6. Test for saponins - To 0.5 ml of filtrate, added 5ml of distilled water and shaken vigorously for a stable persistence froth. Frothing which persisted on warming indicates the presence of saponins.

7. Test for Tannins - To 5ml of extract, few drops of 5% ferric chloride solution were added. The appearance of violet indicates the presence of Saponins.

8. Test for Fatty Acids - About 0.5 ml of extract was mixed 5 ml of ether. The extract was allowed to evaporate, on filter paper and dried. The appearance of transparence on filter paper indicates the presence of fatty acids.

9. Test for Steroids - To a 3 cc of extract add a 3 cc Chloroform and 3 cc of con. H, SO_4 shake well; chloroform 1 layer show chromatic color light.

10. Test for Glycosides - To the solution of the extract add glacial carboxylic acid, few drops baseball metal Chloride and 1cc red vitriol further and determined for a brown coloration at the junction of two layers and additionally the bluish in experienced colorize the upper layer.

11 Test For Carbohydrates - For 2ml test solution added 2 drop of the molisch's reagents (a solution of á-napthol in 95% ethanol). Therefore solution is then poured slowly in to a tube containing 2 cc of center red vitrial So 2 layers kind. Purple to ruby violet color at the junction of 2 layers indicates the presence of macromolecule.

12. Test for Proteins

Xanthoprotein Test - The extracts are treated with a few drops of Con.$HNO_{3;}$ the yellow color indicates the presence of protein

13. Check Amino Acids.

Nanhydrin Test - In 1ml of boiled sample with a 0.1% acetone solution of ninhydrin, the appearance of pink indicates the presence of amino acids.

Results and Discussion

Observations:

Table- 1 Phytochemical Screening of extract of Guizotia abyssinica

S.	Phyto chemicals	Petrolium Ether	Chloro -form	Acetone	Methanol
1	Alkaloids	+ve	+ve	+ve	+ve
2	Terpinoid	+ve	+ve	+ve	+ve
3	Phenols & Tannins	+ve	+ve	+ve	+ve
4	Saponins	+ve	-ve	-ve	-ve
5	Flavonoids	+ve	+ve	+ve	-ve
6	Quinines	-ve	-ve	+ve	+ve
7	Proteins	+ve	-ve	+ve	+ve
8	Steroids	+ve	+ve	-ve	-ve
9	Cardiac Glycosides	+ve	-ve	-ve	+ve
10	Carbo-hydrates	-ve	-ve	+ve	+ve
11	AminoAcid	-ve	+ve	-ve	-ve

This study has discovered the presence of healthful chemical constituents. Phytochemical experiments are expected to assist on the accurate identification of high quality materials where plant chemistry differs between different species. All solvents namely Methanol, Ethanol, Petroleum ether, Chloroform and seed water, natural leaf and callus produce highly variable effects on the presence of nutrients bioactive substances such as alkaloids, flavonoids, Terpenoids.[8][9]

The selection of Crude plant extracts for screening programs has the potential of being heaps of thriving in initial steps than the screening of pure compounds isolated from natural merchandise. The plant extracts provision of secondary metabolites i.e. alkaloids, flavonoids, terpenoids, tannins, Glycosides, Steroids etc. Plant extract are known to be effective on steroids. Which are very important compounds because they are related to compounds such as sex hormones and it has been reported that steroids have Cardiotonic activities and antibacterial properties.[10] The phytochemical analysis of the Guizotia abyssinica are important and has in every business interest analysis institutes and medicine prescribed medication Companies for the manufacturing of the new drugs for treatment of various diseases.[11]

Conclusion- It can be concluded from the present study that Guizotia abyssinica and linum usitatissimum contains a major secondary bioactive compounds such as Alkaloid's, flavonoids, terpenoids, tannins, Glycosides are commercial value and can lead to great interest in phyto pharmaceuticals.[12] Healthful plant plays a major role in preventing various diseases.[13] The medicinal drug, medicament, antioxidant, anti-abortifiecient of the various elements of plants is because of the presence of the on prime of mentioned secondary metabolites.[18] The present study provides proof that solvent extract of Guizotia abyssinica and Linum usitatissimum is contains medicinally

necessary bioactive compounds and this justifies the utilization of plant species as ancient medication for treatment of various diseases.[14][15] Additional purification, identification and characterization of the bio active chemical constituent's Compounds would be our priority in future Studies.

References:-

1. ShaliniS. And SampathkumarP.(2012) Phytochemical screening and anti microbial activity of plant extracts
2. Mohan Kumar BN, Basavegowda, Vyakaranahal BS, Deshpande VK, Kenchanagoudar PV. Influence of sowing dates on production of seed yield in niger (Guizotiaabyssinica Cass.). Karnataka J Agric Sci, 2011; 24(3):289 – 93.
3. Savithramma N, Linga Rao M, Suhrulatha D. Screening of medicinal plants for secondary metabolites. Middle East J Sci Res, 2011; 8(3):579-84
4. Jigna P, Sumitra CV. In vitro antimicrobial activity and phytochemical analysis of some Indian medicinal plants. Turk J Biol, 2007; 31: 53-8.
5. Bhumi G, Savithramma N. Screening of pivotal medicinal plants for qualitative and quantitative phytochemical constituents. Int J Pharm Pharm Sci, 2014; 6: 63-5.
6. Govindasamy C. and Srinivasan R. (2012) In vitro antibacterial activity and
7. Yadav RNS, Agarwala M. Phytochemical analysis of some medicinal plants. J Phytol, 2011; 3(12): 10-4.
8. Xie, D.W., Dai, Z.G., Yang, Z.M., Tang, Q., Deng, C.H., Xu, Y., Wang, J., Chen, J., Zhao,D.B., Zhang, S.L., Zhang, S.Q., Su, J.G., 2019. Combined genome-wide association analysisand transcriptome sequencing to identify candidate genes for flax seed fatty acid metabolism.Plant Sci.286, 98–107.
9. Zhang, J.P., Xie, Y.P., Dang, Z., Wang, L.M., Li, W.J., Zhao, W., Zhao, L., Dang, Z.H., 2016.Oil content and fatty acid components of oilseed flax under different environments in China.Agron.J. 108 (1), 365–372.
10. Rajwade, A.V., Kadoo, N.Y., Borikar, S.P., Harsulkar, A.M., Ghorpade, P.B., Gupta, V.S.,2014.Differential transcriptional activity of SAD,FAD2 and FAD3 desaturasegenes in developing seeds of linseed contributes to varietal variation in alpha-linolenic acid content.Phyto chemistry98, 41–53.
11. Baghel S, Bansal YK. Synergistic effect of BAP and GA3 on in vitro flowering of GuizotiaabyssinicaCass.-a multipurpose oil crop. Physiol Mol Biol Plants, 2014; 20(2): 241–47.
12. Baghel S, Bansal YK. Micropropagation and in vitro flowering of a biodiesel plant nigerGuizotiaabyssinica (Cass.). Asian J Exp Biol Sci, 2013; 4(4): 532-39.
13. Kiran Kumari SP, Sridevi V, Chandana Lakshmi MVV. Studies on phytochemical screening of aqueous extract collected from fertilizers affected two medicinal plants. J Chem Biol Phys Sci, 2012; 2(3):1326-32.
14. Ramadan MF. Functional properties, nutritional value, and industrial applications of niger oilseeds (Guizotiaabyssinica Cass.). Crit Rev Food Sci Nutr, 2012; 52:1-8.
15. Sarin R, Sharma M, Khan A. Studies on Guizotiaabyssinica L. oil: biodiesel synthesis & process optimization. BioresourTechnol, 2009; 100: 4187-92.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

Evaluation of Extract Ants for Determining Available Zinc in Soil and Response of Applied Zinc by Plant

Dr. S.K. Udaipure*

***Prof. & Head (Chemistry) Govt. N.M.V. College, Narmadapuram (M.P.) INDIA**

Abstract - Relative efficiency of five extract ants [for predicting responses to application of zinc to maize was studied in the greenhouse with deep black soils of Madhya Pradesh. Highest Predictable relationship of extractable zinc in soils with zinc uptake was found with natural ammonium acetate (PH. 4 -6) when maize (Ganga 101) was grown as the indicator crop. The next best relationship was found with dithizone ammonium acetate extractable zinc. Greenhouse assays showed that the soils cntaining 0-50 PPM or less dithizone extractable zinc responded to soil applied zinc whereas others containing above 0-50 ppm dithizone extractable zinc where as others containing above 0-50 ppm dithizone extractable of zinc did not respond to soil application of Zinc .The concentration of zinc in plants grown in untreated pots was low in low zinc soils, and was high in high zinc soils, The zinc concentration of maize plants was generally increased by soil application of zinc regardless of initial level. Foliar application of zinc further increased the zinc concentration generally.

A negative correlation observed between zinc and phosphorus uptake in untreated pots changed to positive relation when zinc was applied either in soil or on foliage.

Introduction - Madhya Pradesh is a State characterized by a variety of soil types and different agro-climatic zones, with large variations in fertility status. The variability of soils of this State poses a serious problem in finding a suitable extract ant for various micronutrients which can desuitably employed for soils of the whole State. Extract ants being currently employed in determining the availability of zinc are either mineral acids, salts or chelating agents. These extractants fail to give satisfactory presictability in soils having a wide range of pH, texture, calcium carbonate anf organing matter because available zinc level is related to these properties (Martens et al. 1966 Chatterjee & Das 1964; Bandopadhya and Adhikari1968)

The present study was concerned with :

1. The correlation of available soil zinc with uptake by plants.
2. Response of soil and foliar applications of zinc sulphate; and
3. The uptake of zinc by plants following application of zinc sulphate.

Experimental: A green house study with bulk soil samples (0-12cm) collected from ten locations of deep black soil zone of Madhya Pradesh, India extending over Hoshangabad districts was made. The Soils contained varying levels of ammonium acetate dithizone extractable zinc. The experiment was conducted with 5 kg soil in polythene lined pots growing maize (Ganga 101) as the indicator crop N, P_2O_5 and K_2O were applied @300, 225 and 150 ppm respectively . The fertilizer sources were urea, ammonium dihydrogen phosphate and potassium chloride, all of A.R. grade added in solution form.

The treatments under study were control, soil application and foliar spray of zinc with three replications in randomized block design. The soil application was made at the rate of 10 ppm ZnSO4.7H2O and foliar spray was done with zinc sulphate (0.6%) containing lime (0.3% Ca(OH)2] till the plants were sufficiently wet. Eight seeds were sown in each pot, which were thined to four plants after germination. The uprooted plants were buried in the respective pots. The crop was grown for a period of six weeks and watered with dematerialized water. Two foliar sprays were done after 21 and 28 days of sowing . The plant tops were harvested washed with acidified detergent solution, rinsed three times in dematerialized water, dried at70oC weighted, ground and analyses for zinc by dithizone method in triadic digested plant extract as for zinc by dithizone method in triadic digested plant extract as given by black (1965) soil pH(1:2 soil water ratio)organic carbon and calcium carbonate were determined by standard procedures and texture by Bouyoucos hydrometer method (Piper 1950)

Results Anf Discussion: The locations and characteristics of soil, zinc uptake in untreated pots and zinc extracted by various extracted by various extract ants have been

presented in table 1. The effect ofapplied zinc on yield, its content and up take in maize has been presented in table 2

Correlation of soil with zinc uptake byplants : The extractant N NH4OAc (pH 4.6 Lyman & Dean 1942) is expected to extract more zinc neutral 1N NH 4OAc . These values varied from 1.82-7.48 ppm with an average value of 4.9 ppm. A highly positive significant correlation (r=0.876, P +0.01) is found to exist between N NH4OAc (pH 4.6) extractable zinc and zinc uptake by maize. These results are in conformity with those reported by Grewal et al (1968) for Punjab soils.

The range of zinc extracted by dithizone + emmonium acetate 23.0 ppm .The average value obtained by 0.1 N HCI is highest amongest thefive extractants used. This may be due to the fact that HCI is a strong mineral acid, which is capable of extracting more zinc than natural salt solutions, However only a non significant positive correlation is found to exist between 0.1 N HCI extractable zinc and zinc uptake by maize crop. These results are in agreement with the findings or Grewal et al (1968) and Martens (1968)

The range of zinc extracted by 2 N Mg Cl2 (Stewart & Berger 1965) is from 0.15 - 1.1 ppm with an average of 0.55 ppm. The correlation between 2 N Mg Cl2 extractable zinc and zinc uptakes is not signficant in contracts to the results reported by Grewal et al. (1968) and Martens (1968) N neutral NH4OAc extracted zinc ranging from 1010-0.79 ppm with an average value of 0.35 ppm. The correlation between N neutral NH4OAc extractable zinc and uptake of zinc is found to be nonsignificant,which is is conformity with the results reported byRanadive et al (1964) and Chatterjee and Das (1964). Very low amounts of Zinc are extracted by n neutral ammonium acetate. Adsorbed zinc is expected to be available but ammonium acetate is not able to exchange all the adsorbed zinc therefore N neutral ammonium acetategives very low values (Elgabaly 1950) N neutral ammonium acetate replaces only those fractions of adsorbed zinc which are held poorly on clay particles. Shaw and Dean (1952) also reported inability of ammonium acetate to extract appreciable quantities of available zinc.

Response of zinc applicaton choosing the critical value of 0.5 ppm dithizone extractable zinc (Brown et al 1962) two out of five zinc low soils (<0.5ppm) responded to soil application of zinc whereas three out of five high soils (>0.5ppm) responded to zinc application. The reason for not getting response in zinc low soil can not be attributed to any single factor like pH, organic carbon, calcium carbonate or clay content. It seems that many of these factors may be influencing the availability of zinc in soils at any one time .

The zinc uptake of the plant material varied considerably from on soil to another. The concentration of the plant in the control pots renged from 9.66 - 26.02 ppm (averaging 18.81 ppm) in low zinc soils as against 18.12 - 44.10 ppm (averaging 30.14ppm) in high zinc soils .The zinc concentration in maize plant was generally increased by soil applicationof zinc regardless of intial level the varation being from 20.16-48.30 ppm (average 31.61ppm) foliar application of zinc further increased tha zinc concentration in general excepting in soil No. 4 (however difference was not significant as compared to control) the variation being from 15.67-79.20 ppm (averaging 41.67 ppm) This shows that plants were able to absorbed soil applied zinc and foliar application of zinc further increased the absorption .

Total zinc uptake in control pots was much greater in zinc high soils (range 0.476 - 0.748 mg/pot) than in the low zinc soils (range 0.359 - 0.509 mg/pot) however no definite trend was observed in soil or foliar applied zinc . There was a positive correlation between the yield of maize and zinc uptake in foliar applied pots (r=0.755, p=0.05)

The correlation between uptake of zinc and phosphorus content of plants grown in eight soils (excluding soil No. 2 and 4) showed that in case of control pots, there was a significant negative correlation (r=-0.668) but this relationship was found to be positively significant when zinc was applied either in soil or on foliage . (soil r = 0.812 foliar r = 0.932)

References:-

1. Bandopadhya A. K & Adhikari M. (1968) soil sci 105, 244
2. Balck C.A (1965) Methods of soil Analusis Am Soc. of Agron Madison Wisconisn U.S.A
3. Brown A. L Krantz B.A & Martin P.E (1962)Proc Am. Soc Agron 26, 167
4. Chatterjee R.KDas S.C (1964) I Indian Soc. Sci 12 297
5. Elgabaly M. M. (1950) Soil Sci 69 167
6. Grewal J. S. Randhawa N. S. & Bhumnla D.R (1968) I Indian Soc. Soil Sci 16, 88
7. Lyman C & Dean L.A (1942) Soil Sci 54 315
8. Martens D.C ChestersG. & Peterson L.A (1966) Proc Sci Soc Am 30, 67

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

अटल बिहारी वाजपेयी की कविताओं में सामाजिक चिंतन

छत्रवीर सिंह राठौर *

* शोधार्थी (हिन्दी एवं भाषा विज्ञान विभाग) रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – अटल विहारी वाजपेयी एक विचारवान शीर्ष बौद्धिक व्यक्ति रहे हैं, उनका वैचारिक चिंतन अनेक आयामी, अनेकमुखी, अनेक कोणीय मानवता सापेक्ष है। उनके वैचारिक चिंतन के तहत राष्ट्रीय चिंतन, अन्तर्राष्ट्रीय चिंतन, राजनीतिक चिंतन, सामाजिक चिंतन और आर्थिक चिंतन प्रमुख रूप में हैं। उन्होंने कविता और गद्यरूप में अपने विविध विचारों को आकार दिया, मूर्तरूप दिया। स्वभावगत बौद्धिक गुणवत्ता के आधार पर उन्होने कविता और गद्यलेखन में ऊँचाइयों को स्पर्श किया, साथ ही अपने विराट व्यक्तित्व के आधार पर प्रधानमंत्री के महत्वपूर्ण पद पर आसीन हुए। उनकी लोकप्रियता का बड़ा आधार उनके बौद्धिक विचार तथा उनका वैचारिक चिंतन, बना। वे बहुत अच्छे भाषणकर्ता व्यक्ति रहे हैं। वे धारा प्रवाह बोलते थे। लोक उनके भाषणों को सुनने के लिए यथास्थान ठहर जाते थे।

अटल बिहारी वाजपेयी का वैचारिक चिंतन अद्भुत एवं अद्वितीय है। उनका चिंतन, समाज, देश तथा व्यापक मानवता सापेक्ष है। उनके विचारों में भारतीय संस्कार, भारतीय जीवन दर्शन और भारतीय सांस्कृतिक गहराई और उत्कर्ष मुखरित है। राष्ट्रीय चिंतन, अन्तर्राष्ट्रीय चिंतन, राजनीतिक चिंतन, सामाजिक चिंतन और आर्थिक चिंतन अटल जी के चिंतन के विविध पहलू हैं। उनके वैचारिक चिंतन में मूल्यों, मानकों, सिद्धांतों की अभिव्यक्तियाँ हैं। अटल जी ने अपने आचरण और विचारों के द्वारा भारतीय समाज तथा विश्व समाज को नवीन-नवीन रचनात्मक संदेश प्रदान किया। उनकी कविताएँ समाज, देश, मानवता के लिए पावन संदेश हैं। विश्वसनीय आलोक हैं। बिना किसी लाग लपेट के निर्भीकता पूर्वक देश-समाज के लिए प्रस्तुत अटल जी के विविध विचार वास्तव में सुदीर्घगामी लोकोपकारक हैं। नैतिक, मानवीय, राष्ट्रीय मानदण्डों पर केन्द्रित अटल जी के राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय, सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक विचार समाज देश को नयी दिशा देने में समर्थ हैं, सक्षम हैं।

शब्द कुंजी – वैचारिक चितंन, सामाजिक चितंन, राष्ट्रीयता, समन्वयात्मक, सौहार्द।

प्रस्तावना – कहना न होगा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी का प्रमुख वैचारिक चिंतन, राष्ट्र, राष्ट्रीयता, राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति, राष्ट्रीय सुरक्षा, राष्ट्रीय विकास और देश की मजबूती, एकता, अखण्डता, बन्धुत्व पर केन्द्रित विशेष महत्वपूर्ण है, प्रासंगिक है। देश की सुरक्षा, मजबूती की चिंता उनके राष्ट्रीय चिंतन का प्रमुख पहलू है। वे भारत के प्रमुख राजनेता, लोकप्रिय प्रधानमंत्री के रूप में भी जाने-माने जाते हैं। उनका देशानुराग अप्रतिम, अद्भुत एवं अद्वितीय रहा है। यथा-

'दिन दूर नहीं खण्डित भारत को,
पुन: अखण्ड बनाएँगें,
गिलगिट से गारो पर्वत तक,
आजादी पर्व मनाएँगें।'

देश की एकता, अखण्डता और विकास की चिंता और दृढ़ संकल्प भावना उनके वैचारिक चिंतन का प्रधान विषय है। उनके राष्ट्रीय विचारों में होश, जोश, स्फूर्ति और क्रान्तिदर्शिता है। देश प्रेम की गहरी अनुरागपूर्ण भावना है। अटल जी की राष्ट्रीयता, देश प्रेम की गति तूफानी है, उफनाती प्रखर जवानी का जोश उनके राष्ट्रीय चिंतन में सर्वत्र मुखर है। देश की एकता-अखण्डता की रक्षा हेतु अटल जी के विचारों में व्यापक जोश हैं, यथा -

'किसने ऐसा दूधपिया जो रोके गति तूफानी,
यह जीवन का ज्वार चली, उफनाती प्रखर जवानी।
युवक हारते नहीं और यौवन कभी नहीं हारा,
एक निमिष की बात नहीं है चिर संघर्ष हमारा।'

चिरसंघर्षशील अटल जी का राष्ट्रीय वैचारिक चिंतन अनुपम है अद्भुत एवं अद्वितीय है। अटल जी के राष्ट्रीय चिंतन में राष्ट्रवाद की प्रेरणा है, देशानुराग है, अटल जी का राष्ट्रीय चिंतन, उनकी राष्ट्रीयता से ओतप्रोत कविताएँ दिनकर, नवीन और सुभद्रा कुमारी चौहान तथा मैथिलीशरण गुप्त के समकक्ष हैं। उनकी अधिकांश कविताएँ राष्ट्रीय चिंतन से ओतप्रोत हैं। उनकी कविताएँ वास्तव में प्रबल और प्रखर से प्रखरतर हैं। शत्-शत् आघातों, प्रत्याघातों को सहते हुए भी हमारा हिन्दुस्थान अपनी विकास की ऊँचाइयों की ओर निरंतर बढ़ता ही जा रहा है। सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा है। बहुत प्राचीन देश है भारत। विशाल भारत, विराट् भारत, अद्भुत एवं अद्वितीय भारत, दुनिया का सिरमौर भारत ।

'शत शत आघातों को सहकर,
जीवित हिन्दुस्थान हमारा।
जग के मस्तक पर रोली-सा,
शोभित हिन्दुस्थान हमारा।'

अटल जी का सामाजिक चिंतन– समाज के बारे में अटल जी के विचार समन्वयात्मक हैं। समरसतामूलक हैं। बन्धुत्व, प्रेम, एकता भाईचारा प्रधान हैं। अटल जी का सामाजिक चिंतन। अटल जी के सामाजिक चिंतन में जातिवाद, भाई-भतीजावाद, सम्प्रदायवाद, कुल कुटुम्बवाद को स्थान नहीं है। समाज में जातिवाद पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री पद से

27 मई 1996 को कहा था कि– 'जातिवाद का जहर समाज के हर वर्ग में पहुँच रहा है। यह स्थिति सबके लिए चिंताजनक है। हमें सामाजिक समता भी चाहिए और सामाजिक समरसता भी चाहिए।'

समाज में सभी धर्मों का आदर जरूरी है, हर कोई व्यक्ति पूजा पद्धति स्वेच्छा से ग्रहण करता है। हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी भारतीय समाज के अंग हैं। हिन्दू होने का मुझे गर्व है, हिन्दू धर्म का स्वरूप हिन्दू धर्म द्वारा निर्मित होता है। हिन्दुत्व भारतीय जीवन दर्शन है। भारतीय मानवीय सहिष्णुता ही हिन्दुत्व है। 'भारतीय समाज में वास्तव में हिन्दू धर्म भगवत प्राप्ति की मानव–आकांक्षा हेतु एक परमानन्ददायक दीर्घ संगीत है, ऐसा धर्म भारत तथा विश्व के लिए एक तेजोवलय है।'

'भारतीय समाज, हिन्दू समाज को अंधविश्वास, रूढ़िवाद, जातिवाद तथा हर तरह की संकीर्णता से मुक्त कर बन्धुत्व, आत्मीयता, समरसता के दृढ़ सूत्र में आबद्ध करने के लिए हमें देशव्यापी अभियान चलाना है। मुझे अपने हिन्दुत्व पर गर्व हैं किन्तु इसका अर्थ यह नहीं है कि मैं मुसलिम विरोधी हूँ, समाज में हिन्दू उदारता, सहिष्णुता, मनुष्यता के लिए जाने जाते हैं। जातीय, साम्प्रदायिक सद्भाव एकता से भारतीय समाज मजबूत होगा।'

अटल बिहारी वाजपेयी जी की सामाजिक सोच, उनका सामाजिक चिंतन उदार, सहिष्णु तथा सर्वधर्म समभाव मूलक है। हमारे समाज में हिन्दूधर्म और मानवधर्म अभिन्न हैं। कहा गया है कि–

'हिन्दू धर्म कि मानव धर्म,
है अभिन्न दोनों का मर्म।'

'गुरूकुल' शीर्षक काव्य से – मैथिलीशरण गुप्त

बाल विवाह, दहेज प्रथा, रूढ़िवादिता, मिथ्याडम्बर, पाखण्ड, संकीर्ण सोच आदि पर भी अटल जी के सामाजिक विचार स्पष्ट हैं। उन्होंने इन सब बातों को समाज के विकास में बाधक बताया है। समाज में शिष्टाचार, सौहार्द्र, भाईचारा के बारे में अटल जी की अवधारणा संवेदनात्मक है। सामाजिक एकता और बन्धुत्व अटल जी के सामाजिक चिंतन का मेरूदण्ड और मानदण्ड है। समाज में कटुता, वैमनस्य, नफरत, ईर्ष्या, द्वेष अहितकर हैं, पतन कारक हैं विघटन कारक हैं। जबकि बन्धुत्व, शान्ति एकता विकास सूचक हैं। सामाजिक न्याय के अटल जी पुरजोर समर्थक हैं प्रबल पोषक हैं। सामाजिक न्याय की आकांक्षा उनके सामाजिक विचारों का आधार है। ऊँच–नीच, स्पृश्यता, छुआछूत, रूढ़िगत सामाजिक मान्यताओं के विरूद्ध उनका सामाजिक विचार एक प्रकार से सामाजिक समानता पर केन्द्रित व्यापक मानवता सापेक्ष है।

भेदभाव रहित अटल जी के सामाजिक विचार समाज तथा देशहित में हैं। राष्ट्र के उत्थान के लिए, विकास के लिए शान्ति जरूरी है, अतएव समाज में एकता, शान्ति रहेगी तभी तो समाज का, देश का टिकाऊ विकास होगा। 'हम चाहते हैं कि समाज में एकता कायम रहे, लोगों में सौहार्द्र रहे, लोग समाज की एकता के द्वारा देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान करें।'

मानव, मानव सभी एक समान हैं। एमाज में जातीय एवं साम्प्रदायिक सौहार्द्र के द्वारा दृढ़ एकता से राष्ट्र की ताकत बढ़ती है। राष्ट्र जीवन की मजबूती के लिए देश में, सामाजिक– साम्प्रदायिक एकता का शंखनाद होना चाहिए। 'समाज के प्रत्येक नागरिक को चाहिए कि वह अपने आदर्शों और विश्वासों के लिए देशहित में काम करें तथा देश के विकास में सामाजिक दायित्वों का निर्वाह करता चले। सामाजिक ताना–बाना मजबूत बनाएँ तथा समाज, देश के विकास में योगदान करें।'

'शरीर को स्वस्थ्य
चित्ता को प्रफुल्ल
और विवेक को जागृत
रखकर ही हम
अनिश्चित भविष्य का विश्वास पूर्वक
सामना कर सकेंगे तथा
समाज के नव निर्माण में योगदान कर सकेंगें।'

प्रत्येक सामाजिकों का सुखभाग समान होने पर समाज में एक नवीन, नवीन आलोक छा जाएगा, ऐसा मेरा विश्वास है। अटल जी की दृढ़ आस्था सामाजिक एकता तथा सामाजिक न्याय की भावना पर केन्द्रित राष्ट्र सापेक्ष हैं। व्यक्ति समाज की इकाई हैं और समाज दहाई है। व्यक्तियों के समूह का नाम समाज है। समाज, सामाजिक सम्बन्धों का जाल है। हर एक व्यक्ति का अकेले महत्व है तथा उसका सामाजिक महत्व भी है। सामाजिक एकता, साम्प्रदायिक सद्भावना से समाज, व्यक्ति तथा देश का चहुमुखी विकास होता है। सामाजिक अशान्ति में विकास नहीं हो सकता।

'भारत विश्व समाज और संस्कृति तथा सभ्यता का जनक है। जब दुनिया के अनेक तथाकथित विकसित और अन्य देशों के निवासी जंगलों में पशुवत जीवन व्यतीत किया करते थे तब भारत में सामाजिक, सांस्कृतिक उत्थान के लिए तक्षशिला, नालन्दा, ओदन्तपुरी और काँची जैसे उच्चस्तरीय ज्ञान–विज्ञान के शिक्षा केन्द्र थे। हमारे वेदों को तो दुनियाँ ने आदि ग्रन्थ माना है। वेद और उपनिषद समाज निर्माण के आदर्श है, प्राचीन आदर्श। हमारा समाज और भारतीय जन जीवन तथा संस्कृति, सभ्यता, वेदों, उपनिषदों, रामायण और गीता आदि प्राचीन आर्य ग्रन्थों के ज्ञानामृत से आपूरित है। हमने, विश्व को सामाजिक, सांस्कृतिक दृष्टि दी है। हम आयातित संस्कृति के पीछे, नहीं दौड़े समाज में समरसता बनाए रखें।'

त–मतान्तर के बावजूद भी अटल जी समाज में एकता, अटूट एकता के पक्षधर हैं। हरहाल में समाज में एकता जरूरी है, अनिवार्य है। अनेकता में एकता हमारे देश का गौरव है। 'विविधता में एकता भारतीय सामाजिक जीवन की विशेषता रही है, हमने समाज में एकरूपता की नहीं, अपितु एकता की कामना की है। फलत: देश में अनेक उपासना पद्धतियाँ, पन्थों, दर्शनों, जीवन–प्रणालियों, भाषाओं, साहित्यों और कलाओं का विकास हुआ जो सम्पन्नता की द्योतक हैं। हमें समाज में उनके प्रति, अपनत्व और गौरव का भाव लेकर चलना होगा, किन्तु विविधता के नाम पर विभाजन को प्रोत्साहन देना, भूल होगी। भारतीय सामाजिक धारा तथा सांस्कृतिक चेतना कभी किसी एक उपासना पद्धति से बँधी नहीं रही और न उसका आधार प्रादेशिक ही रहा है। मजहब अथवा क्षेत्र के आधार पर पृथक समाज तथा संस्कृति की चर्चा करना तर्क विरूद्ध ही नहीं प्रत्युत भयावह भी है, क्योंकि वह राष्ट्रीय एकता पर ही कुठाराघात करती है।'

सम्पूर्ण अर्थ में अटल जी का सामाजिक चिंतन एकता, बन्धुत्व, सामाजिक समत्व पर केन्द्रित समाज को सुदृढ़ मजबूत बनाने की दिशा में बहुत बड़ा सामाजिक संदेश है। विश्वसनीय सामाजिक दिशादृष्टि है। 'देश से अमीर और गरीब के भेद को मिटाना होगा। जातिगत, सम्प्रदायगत भावों को भगना होगा। एक ऐसे समाज की रचना के लिए कटिबद्ध होना होगा, जिसमें सब लोगों के लिए विकास के समान अवसर और स्वतन्त्रता होगी और जन्म, वंश अथवा आजीविका के आधार पर कोई छोटा या बड़ा नहीं माना जाएगा। भारतीय समाज को, विशेषकर हिन्दू समाज को, अंधविश्वास,

रूढ़िवाद तथा हर तरह की संकीर्णता से मुक्त कर आत्मीयता के दृढ़ सूत्र में आबद्ध करने के लिए हमें एक देशव्यापी अभियान चलाना है। स्वाधीनता की प्राप्ति के बाद समाज-सुधार का कार्य पीछे रह गया है। हमें उसे पुन: उठाना है और इस सामाजिक चेतना के कार्य में सभी देशवासियों का सहयोग प्राप्त करना है। समाज में छुआ-छूत एक अभिशाप है। स्पृश्यता एक कलंक है, समाज में व्याप्त हर तरह की कुरीतियाँ, कुप्रथाएँ विकास में बाधक होती है। मानवता का आचरण सर्वोच्च माना गया है।'

निष्कर्ष- अटल बिहारी वाजपेयी जी दो टूक शब्दों में कहते है कि- 'समाज में, सामाजिक न्याय के लिए काम करते रहना होगा, समाज में गरीबों के लिए अंधविश्वास से लड़ना होगा, लड़ेंगे, रूढ़ियों से संघर्ष करेंगें, सामाजिक समानता के लिए अंधविश्वासों, रूढ़ियों के ऊपर बज्रपात करना आवश्यक होगा, तो हम करेंगे। यह तर्क का युग है, विज्ञान का युग है।'

अटल जी शुरू-शुरू में 'जनसंघ' के संस्थापकों में से एक थे। भारतीय जनसंघ ही आगे चलकर 'भारतीय जनता पार्टी के रूप में सामने आया। अटल जी कहते हैं कि- 'जनसंघ' समस्त भारतीयों को एक मानता है और उन्हें हमेशा के लिए बहुसंख्यक व अल्पसंख्यक के रूप में बाँटने का विरोधी है। लोकतंत्र में बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक का निर्णय राजनीति के आधार पर होता है, मजहब, भाषा, समाज तथा जाति के आधार पर नहीं। सभी अल्पसंख्यकों के प्रति जनसंघ समान व्यवहार का हामी है यदि उनके साथ कोई भेदभाव किया जाता है तो वह गलत है और जनसंघ उसके खिलाफ अपनी आवाज उठायेगा, उठाता रहेगा। भारतीय समाज एकता में बंधा रहे, इसका प्रयास होता रहेगा।'

कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि- अटल बिहारी वाजपेयी जी का सामाजिक चिंतन समाज सापेक्षक तथा राष्ट्र की एकता, अखण्डता और शान्ति तथा विकास की दिशा में रचनात्मक, सकारात्मक विचार हैं। उन्होंने अपने साहित्यकार जीवन और राजनीतिक सार्वजनिक जीवन में सामाजिक चेतना का बड़ा रचनात्मक वैचारिक कार्य किया है। उनके सामाजिक विचार उनकी पुस्तकों में संग्रहीत हैं। उनके सामाजिक चिंतन में समाज के नव निर्माण का संकल्प है। बाल विवाह, दहेज प्रथा सामाजिक अभिशाप है। अटल जी के सामाजिक विचार मानवता प्रधान हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. 'बिन्दु-बिन्दु विचार' शीर्षक संग्रह से, प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी भाषण, 27 मई 1996, सम्पादक-डॉ. चन्द्रिका प्रसाद शर्मा
2. बिन्दु-बिन्दु विचार, पृष्ठ संख्या-101, अटल बिहारी वाजपेयी, सम्पादक-डॉ. चन्द्रिका प्रसाद शर्मा
3. 'बिन्दु-बिन्दु विचार' शीर्षक संग्रह से, पृष्ठ संख्या-102, अटल बिहारी वाजपेयी, सम्पादक-डॉ. चन्द्रिका प्रसाद शर्मा
4. 'कुछ लेख कुछ भाषण', पृष्ठ संख्या-88, अटल बिहारी वाजपेयी, सम्पादक- डॉ. चन्द्रिका प्रसाद शर्मा
5. 'कुछ लेख कुछ भाषण' पृष्ठ संख्या-71 अटल बिहारी वाजपेयी, सम्पादक- डॉ. चन्द्रिका प्रसाद शर्मा
6. 'चिंतन के स्वर सेय 'न दैन्यं न पलायनम्' शीर्षक कविता से, अटल बिहारी वाजपेयी
7. 'कुछ लेख कुछ भाषण' शीर्षक संग्रह से, पृष्ठ संख्या-259, अटल बिहारी वाजपेयी, सम्पादक- डॉ. चन्द्रिका प्रसाद शर्मा
8. 'कुछ लेख, कुछ भाषण' शीर्षक पुस्तक से, पृष्ठ संख्या-260, अटल बिहारी वाजपेयी, सम्पादक- डॉ. चन्द्रिका प्रसाद शर्मा
9. 'कुछ लेख, कुछ भाषण' शीर्षक पुस्तक से, पृष्ठ संख्या-262, अटल बिहारी वाजपेयी, सम्पादक- डॉ. चन्द्रिका प्रसाद शर्मा
10. 'कुछ लेख, कुछ भाषण' शीर्षक पुस्तक से, पृष्ठ संख्या-263, अटल बिहारी वाजपेयी, सम्पादक- डॉ. चन्द्रिका प्रसाद शर्मा
11. 'कुछ लेख, कुछ भाषण' शीर्षक पुस्तक से, पृष्ठ संख्या-265, अटल बिहारी वाजपेयी, सम्पादक- डॉ. चन्द्रिका प्रसाद शर्मा

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
In the context of Bharata, it is said that he used to play with lions in his childhood and count their teeth by opening their mouths. Bharata's character is mentioned in Adiparva, one of the eighteen parvas of the Mahabharata. He is counted among the sixteen best kings of Mahabharata.[7]

Drama Abhijnanasakuntalam composed by great poet Kalidas: Mahakavi Kalidas has written the story of Dushyant and Shakuntala's love and marriage in his world famous play 'Abhigyanshakuntalam'. Shakuntala was the daughter of Rishi Vishwamitra and Apsara Menaka. He was brought up in the hermitage of sage Kanva. King Dushyant comes to the forest to play hunting. In this sequence, he reaches Kanva Rishi's ashram, where he meets Shakuntala. Dushyant doesGandharvavivah with Shakuntala.[8]

Dushyant forgets Shakuntala due to the curse of Durvasa Rishi. Later, on seeing the ring given by Dushyant, he remembers everything. Dushyant and Shakuntala are finally reunited. Kanva Rishi had blessed that- "Bharat Chakravarti will become the emperor and the name of this land will be known in his name."

B. On the basis of Bharata, the son of Rishabhdev : According to Jainism, the name of our country Bharat is named after Bharata, the son of Rishabhdev. According to Jainism, there were twenty-four Tirthankaras in total. Rishabhdev was the first Tirthankara and the founder of Jainism. He is also called Adinath. Rishabhdev's father was a Kshatriya king. His name was Nabhiraj. Rishabhdev was married to Nanda (Yashavati) and Sunanda. According to Jain belief, a hundred sons and two daughters were born to these two wives. Among them the name of the eldest son was Bharat. After the exile of Rishabhdev, Bharat became the successor of his kingdom due to being the eldest son.

Bharat was very capable. He expanded his kingdom with his bravery and became the Chakravarti emperor. It is mentioned in Vishnu Purana that- "This land has been known as Bharatavarsha ever since the father handed over the kingdom to his son Bharata and went to the forest to perform penance." Before this our country was named Ajnabhavarsha or Ajnabhakhanda and Hemvart was prevalent.

C. On the basis of Dasaratha's son Bharata : King Dasaratha was born in the Ikshvaku dynasty in Tretayuga. His four sons were Rama, Lakshmana, Shatrughna and Bharata. The country was named Bharat after Dasaratha's son Bharata. Valmiki's Ramayana and Ramcharitmanas created by Tulsidas have given the entire saga of the great hero Ram and his contemporaries. There was complete preparation for the coronation of the eldest son Rama, but Dasharatha's youngest queen and Bharata's mother Kaikeyi had demanded the throne for her son Bharata from the promised king and fourteen years of exile for Rama. Bharata refused to accept the kingdom against his mother's wish. Tyagi Bharat, who took care of Ayodhya for fourteen years by keeping Khadauof the JyeshthaBhrata Ram on the throne, is highly respected in the Indian public. The country was named India after this Bharat.[9]

D. On the basis of Bharatjan : The mention of Bharat dynasty is found in the Vedic period. Some scholars present the argument for naming the country Bharat on the basis of these Bharatas. They were settled in the banks of river Saraswati. There was a famous king named Sudas in Bharat dynasty. In the Rigveda, there is a mention of Dasharagyai.e. the war of ten kings. Sudas had defeated the confederacy of the then ten major kings in this war arising out of the dissatisfaction of Vishwamitra, the priest of King Sudas.[10] Some other kings were also involved in this union. Due to the achievements and fame of this dynasty, the country was named Bharat.

5. Hindustan: Hindustan is a famous name of our country. This name was given by the Iranians (Persians). They were the residents of Iran. Iran was formerly known as Persia. The first foreigners to attack India in ancient times were the Iranians.

6th century BC The Iranians invaded India through the land route located in the north-west. The western boundary of India extended up to the Indus River.

In Persian language 'S' is pronounced 'H', so for Iranians the Indus River became the Hindu River and the country along the Indus River or Indus place became Hindusthan or Hindustan.

6. India: The name India is given by the Greeks. The Greek invasion took place for the first time in India under the leadership of Alexander (Sikandar), who was ambitious to become a world winner. After this, many more attacks of Greeks took place on India. They called the Indus river as Indus and named the country of this river as India.

Greek Seleucus was defeated by Chandragupta Maurya in 305 BC. was defeated. Megasthenes, who came to the court of Chandragupta Maurya as an ambassador of

Seleucus, composed a treatise named 'Indica' in relation to India.[11] It is clear that for the Greeks our country was India.

The Europeans who came to India in modern times ie Portuguese, French, Dutch, Danes, British etc. also called our country as India. In the Constitution of India made after independence, along with Bharat, India was also recognized as the name of the country.

Conclusion: In this way it is clear that from the beginning till today our country has been adorned with many nouns. Each nomenclature has a background, with which lies history and proud achievements. Due to our prosperity in ancient times, our country was called the country of 'golden bird' and 'rivers of milk and curd'. Threading many synonyms in the long journey of history, our country has got constitutional names like Bharat and India at present.

References:-

1. Constitution of India, Legislative Department, Ministry of Law and Justice, Government of India, 2022.
2. Rigveda, Vishwa Books Pvt Ltd, Delhi, 2014.
3. Gupta, Dr. Mohanlal, History of Ancient India, Rajasthani Library, Jodhpur, 2016.
4. Vishnupuraan, Gita Press, Gorakhpur, 2005.
5. Markandeyapuraan, Gita Press, Gorakhpur, 2005.
6. Mahabharata, Gita Press, Gorakhpur, 2012.
7. Mahabharata, Gita Press, Gorakhpur, 2012.
8. Kalidas, Abhijnanasakuntalam, Diamond Publications, New Delhi, 2005.
9. Ramcharitmanas, Geeta Press, Gorakhpur, 2014.
10. Gupta, Dr. Mohanlal, History of Ancient India, Rajasthani Library, Jodhpur, 2016.
11. Gupta, Dr. Mohanlal, History of Ancient India, Rajasthani Library, Jodhpur, 2016.

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

गंगा और प्रदूषण

डॉ. मुकेश मारू*

* संचालक, एम.टी.एम.कान्वेन्ट सेकेण्डरी स्कूल, ब्यावरा, राजगढ़ (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – आज गंगा नदी के किनारे उन्तीस शहर, सत्तर नगर और हजारो गांव बसे हुए है। आज गंगा नदी मे 1.3 अरब लीटर गन्दा पानी हजारो मृत जानवरो के शवो के साथ मिल रहा है। इसके किनारे स्थित हजारो कारखानो का गन्दा पानी भी मिल रहा है। नगर निगम और नगरपालिका द्वारा संचालित शौचालयो का लगभग 80 प्रतिशत गन्दा पानी और गन्दगी भी गंगा नदी में मिलती है। लगभग 15 प्रतिशत पानी गृह उद्योग द्वारा इसमे मिल जाता है। गंगा नदी के प्रदूषण का प्रमुख कारण मृत जानवरो, जीवो और मानवो के शरीर के अंगो से होता है। पिछली शताब्दी की अपेक्षा आज गंगा नदी के किनारे स्थित शहर नगर और गांवो की जनसंख्या तेजी से अधिक मात्रा मे बढ रही है। किन्तु प्रदुषण के नियंत्रण के बारे में कोई ठोस कदम नही उठाया जा रहा है। अभी ताजे आंकडे इकट्ठे किये गये है। इसके अनुसार वाराणासी में इकट्ठे किये गये पानी से 50000 बेक्टेरीया रोग पैदा करने वाले कीटाणु प्रति 100 मि. ली. लीटर पानी मे पायें गये है। इसका परिणाम गंगा के पानी का प्रयोग कई प्रकार की बिमारीयो जैसे हैजा यकृत खराबी, दस्त , पेट की खराबी और कई बीमारीयो का कारण है। एक अनुमान के अनुसार हमारे देश में एक तिहाई मृत्यु का कारण दूषित पानी का प्रयोग किया जाता है। पवित्र परम्परा जिसके अनुसार मानव शरीर को दाह संस्कार किया जाता है। प्राय: कई बार मानव शरीर को आधा जलाया जाता है। एवं गंगा में फेक दिया जाता है। कई जगह गंगा के किनारे मानव शरीर के अध जले शरीर के ढेर पाये जाते है। जो स्वास्थ्य के लिए एक बडा खतरा है। वाराणसी में प्रत्येक वर्ष लगभग 40000 मानव के दाह संस्कार किया जाता है। अधिकतर लकडी की चिता पर कई हजारो घटना ऐसी भी है। कि जिनको पयाप्त लकडी नही मिलती अथवा पूर्ण दाह संस्कार नही कर पाते वे अपने मुर्दो को गंगा में फेक देते है। कई जानवरो के शव जिन्हे हिन्दु पवित्र मानते है। को भी मरने के बाद गंगा में फेक दिया जाता है। गंगा में कई मानवो और जानवरो के शव तेरते रहते है जो कि पर्यावरण को प्रदूषित करते है। गंगा के किनारे हजारो शवो को जलाया जाता है। दाह संस्कार करने के बाद बहुत सारी वस्तुए गंगा मे फेक देते है। जैसे राख, अधजली लकडीया, गंगा की लहरो पर तैरती है। राख दिखाई देती हैं जो कि फूलो मे और पानी के झाग में मिल जाती है। कुछ दूर तैरती हुई ऐसी बहुत सारी वस्तुए नदी के तल मे बैठ जाती हैं एवं सम्पूर्ण पानी में मिल जाती है। यह हाल है पवित्र गंगा का वाराणासी के घाट पर।

औद्योगिक प्रदूषण भी गंगा को प्रदूषित करने मे एक प्रमुख कारण है ऋषिकेश और प्रयाग राज के बीच लगभग 146 औद्योगिक कारखाने है। इनमे से 144 कारखाने उत्तरप्रदेश के और 2 कारखाने उत्तराखण्ड के है। प्रमुख रूप से प्रदूषित करने वाले चमडा उद्योग है। विशेषकर कानपुर जो प्रमुख रूप से खतरनाक रसायन क्रोमीयम एवं टाक्सीक का प्रयोग करते है। एवं बाकी बचे हुए व्यर्थ पदार्थो को गंगा में बहा देते है। मैदानो से समुद्र तक दवा उद्योग बिजली उपकरण उद्योग कागज उद्योग रंग उद्योग कपडा उद्योग खाद उद्योग एवं कई अन्य कारखाने जो गन्दा और रासायनिक अपशिष्ट नदीयो में बहा देते है।

उत्तर भारत का चमडा उद्योग जहा जानवरो की चमडी को भिन्न रंग और रासायनिक प्रक्रिया द्वारा पकाया जाता है। के द्वारा खतरनाक अपशिष्ट जिनमे क्रोमानियम सल्फेट अमोनियम और अन्य तरल नदीयो में बहा दिया जाता है। जिनसे गंगा प्रदूषित होती है। उ. प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा दी गई सूचना के आधार पर वहा पर चमडा उद्योग कारखाने संचालित है। कानपुर शहर मे कारखानो के संचालको को 17 सितम्बर 2010 को नोटिस जारी कर 15 दिनो में उन्हे बन्द करने को कहा गया था। अथवा वैधानिक कार्यवाही की सूचना दी गई थी।

इलाहबाद की एक कानूनी बेंच के 19 जनवरी 2011 को उ.प्र. के मुख्य सचिव को उन सभी के खिलाफ कार्यवाही करने को कहा गया। जो अपने उद्योगो द्वारा गंगा को प्रदूषित करते है। उन्होने कहा है कि संगम स्थल पर गंगा का पानी गन्दा हो रहा है। और पानी का रंग भूरा हो रहा है। गंगा दिन प्रतिदिन मैली होती जा रही हैं लगभग 170 कारखाने (चमडा बनाने, रंगने) वाराणसी और कानपुर के बीच लगभग 450 कि.मी. एरिया को गंगा के प्रदूषित करने का कारण बताया गया है। केन्द्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री जय राम नरेश ने रिपोर्टस को कहा था कि 2010 में सभी कारखानो पर कार्यवाही करने तथा उन्हे बन्द करने को कहा था समय दिया था पन्द्रह दिन का। उन्होने कहा था 1996 मे सुप्रीम कोर्ट द्वारा कारखानो द्वारा बहाया जा रहा अपशिष्ट खतरनाक पानी गंगा नदी में नही जाने दिया जावे क्योकि यें सभी उद्योग गंगा के किनारे स्थित है।

गंगा को प्रदूषित करने के लिए केवल कारखाने ही उत्तरदायी नही है। किन्तु शहरो नगरो तथा गांवो द्वारा बहाया जाने वाला नाली शौचालयो का पानी भी एक घटक है। नायलॉन एवं रेशम उद्योग द्वारा बहाया गया अपशिष्ट भी एक प्रमुख कारण है। खाद्य उद्योग में जीवाणु नाशक पदार्थ होता है। डी. डी. टी. आदि खतरनाक वस्तुओ के उत्पादन पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने पाबन्दी लगा रखी है। क्योकि यह मानव जीवन और वन्य जीवन दोनो पर हानिकारक है। पानी का रोकना अथवा किसी मकसद से पानी के मार्ग को बदलना यह भी प्रदूषण का एक मुख्य कारण हैं वाहनो के द्वारा भी वातावरण भारी मात्रा में प्रदूषित हो रहा है। उक्त सभी कारण गंगा को प्रदूषित कर रहै है। यह सत्य

अनुसंधान कार्य कर्ताओ ने 2010 को खोजा। दशाब्दीयो के प्रयासो के उपरान्त सरकार ने गंगा को जीवित रखने का प्लान बनाया 11000 करोड़ रूपये पानी को पम्प द्वारा साफ करने का (1985 से 2000)कार्य किया किन्तु भारत की यह पवित्र नदी अभी भी अपवित्र है। अपशिष्ट पदार्थ और गन्दा पानी आज भी गंगा के पानी में बहाया जा रहा हैं पित्ताषय की बीमारी का प्रमुख कारण है। गंगा के प्रदूषित पानी के सेवन से इस बात का पता लगाया गया हैं कि जो व्यक्ति गंगा अथवा इसकी सहायक नदीया के किनारे रहते है। उन्हे यह बीमारी होती है। मुम्बई की डाक्टर्स टीम ने इस का अध्ययन किया और पता लगाया कि गंगा के जल में भारी धातुओ के कण पाये गये हैं जो कि लोगो के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इस बात को 2011 में प्रकाशित किया गया एच. पी. बी. के द्वारा इस बात का सत्यापन कर लिया गया है। कि बिहार के वैषाली जिले के गंडक नदी के किनारे स्थित गांवो मे पित्तशय की बीमारी होना पाया गया है।

इस सब के अतिरिक्त हमे यह भी जानना होगा कि वे कोन से कारण है। जिससे की गंगा की जीवाणु नाशक क्षमता लगातार समाप्त होती जा रही है आइये कुछ उन महत्वपूर्ण कारणो का भी हम अध्ययन करे।

गंगा क्षेत्र की तेजी से बढती हुई आबादी तथा मनुष्य के अधिकाधिक उपभोगवादी होते द्रष्टिकोण के कारण पारितंत्र मे होने में होने वाले पारिस्थितिक परिवर्तनो तथा उन परिवर्तनो के कारण मनुष्य सहित समूचे गंगा पारितंत्र पर अब तक पडे या भविष्य मे पड़ने वाले प्रभावो का समेकित ऑकलन किया जाना अभी बाकी है। भारत सरकार के पर्यावरण विभाग के तत्वाधान मे गंगा क्षेत्र के कई विश्वविद्यालयो तथा अनुसंधान संस्थानो मे संचालित समन्वित गंगा अनुसंधान परियोजना के निष्कर्ष सामने आने पर इस पक्ष पर विस्तृत प्रकाष पड़ने की आषा है।

यहां अब तक किए गए गंगा पारितंत्र छिट फुट पारिस्थितिक अध्ययनो तथा विश्व की अन्य नदी प्ररगालियो थ्रोर स्थिर जलीय पारितंत्रो के संबंध मे किए गए पारिस्थितिक अध्ययनो से प्राप्त सूचनाओ के आधार पर गंगा पारितंत्र मे हुए पारिस्थितिक परिवर्तनो के संभावित प्रभावो का विवेचन प्रस्तुत करने का प्रयास किया जा रहा है। विश्व के कई क्षेत्रो मे वैज्ञानिको ने जल धाराओ के किनारे ओर जलग्रहण क्षेत्रो मे स्थित जंगलो के काट दिए जाने पर संबद्ध जलीय पारितंत्र के तापमान उसके जलप्रवाह की गति उसमे विद्यमान पोषक तत्वो कार्बनिक पदार्थो तली पर जल की ऊपरी परतो मे पाए जाने वाले जीव समुदायो की संख्या ओर उनके प्रकार आदि को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। पारितंत्र मे हाने वाले यें सभी परिवर्तन किसी न किसी रूप मे मनुष्य को भी प्रभावित करते है।

नदी के किनारो पर स्थित प्राकृतिक वनो का विनाश उसके पानी के तापमान पर सीधा प्रभाव डालता हैं ग्रीष्मकाल मे किसी वन विहीन खुले क्षेत्र का तापमान सघन वन की वायु तथा भूमि की तरह के ताप की तुलना मे काफी अधिक हो जाता है। वन विहीन और वनो से अच्छा दिन क्षेत्र की जल धाराओ के तापमान से भी ऐसा ही अंतर पाया जाता है। एक अध्ययन के अधिकतम तापमान मे 6.4 डिग्री सेंटीग्रेड का अंतर पाया गया। वनो की कटाई से नदी की जल के तापमान पर पढने वाले प्रभावो का आकलन करने के लिए किए गए एक अन्य अध्ययन मे देखा गया कि नदी तट के जंगल साफ कर दिए जाने के बाद उसके पानी का वार्षिक तापांतर 15 से 20 डिग्री सेंटीग्रेड तक होता है। जबकि वनो की उपस्थिति मे तापांतर 26 डिग्री सेंटीग्रेड तक ही होता है। वनो की उपस्थिति किसी जल धारा के दैनिक तापीय परिवर्तनो को भी सीमित रखती है। जंगल के बीच मे बहती नदी की जलधारा के ताप मे ग्रीष्मकाल मे दिन भर मे एक डिग्री से. ग्रे. अधिक का अंतर नही पाया गया जबकि वृक्षो की अनुपस्थिति मे यह अंतर 3 से 4 डिग्री सेंटीग्रेड तक हो जाता है। वन विहीनता की स्थिति मे नदी के पानी का औसत ताप ग्रीष्म और शरद दोनो ही ऋतुओ मे वनच्छादित दशा की तुलना मे अधिक होता है। किसी भी पारितंत्र का तापमान उसके जैव घटको को सीधे प्रभावित करता है। इस प्रकार जंगलो की कटाई से किसी भी जलधारा के तापमान मे होने वाला परिवर्तन प्रत्यक्ष और परोक्ष दोनो प्रकार से उसके जीव समुदायो को प्रभावित करता है। तापमान का पानी की श्यानता पर सीधा प्रभाव पडता है। पानी की श्यानता मे होने वाला परिवर्तन उसमे निलम्बित करेगा विशेषता या गाद के नीचें बैठने की गति को प्रभावित करता है। 23 डिग्री सेंटीग्रेड पर गाद के नीचे बैठने की दर डिग्री सेंटीग्रेड की तुलना मे दुगनी हो जाती है। तापीय परिवर्तन पानी के घर्षण गुणांक को भी प्रभावित करते है। चार से बीस डिग्री सेंटीग्रेड के मध्य तापमान मे प्रति एक डिग्री सेंटीग्रेड वृद्धि के साथ पानी के प्रवाह की गति 0.5 प्रतिशत बढ जाती हैं इसी प्रकार तापमान मे होने वाली वृद्धि पानी मे निलंबित ठोस पदार्थो से संयुक्त पोषक तत्वो के मुक्त होने की गति को बढा देती है। 2 डिग्री सेंटीग्रेड से ऊपर तापमान मे होने वाली थोडी सी वृद्धि भी बडी मात्रा मे फास्फोरस के मुक्त होने का कारण बन जाती है। क्योकि तापमान बढने के साथ उसके मुक्त होने मे सहायक परिवर्तनो की दर मे चरघातांकी वृद्धि होती है। पोषक तथ्यो की अधिक मात्रा मे उपलब्धि अनेक सूक्ष्म जैविक अभिक्रियाओ को प्रभावित करती है। यह भी एक स्थापित तथ्य है कि पानी का ताप जितना अधिक होगा उसमे खुली आक्सीजन की मात्रा उतनी ही कम होती हैं इस प्रकार कार्बनिक प्रदूषण की दशा मे तापमान अधिक होने पर पानी मे आक्सीजन न्यूनता की स्थिति उत्पन्न होने की संभवना अधिक होती हैं पदार्थो का **अपघटन तथा आक्सीजन की आवश्यकता –** गंगा के प्रवाह में मिलने वाले विभिन्न पदार्थो को उनके निम्नीकरण और विलोपन की प्रक्रिया के आधार पर दो वर्गो में विभाजित किया जा सकता है। वे कार्बनिक पदार्थ जो सूक्ष्म जीवो द्वारा निम्नीकृत और अपघटित होकर परितंत्र में विलीन हो सकते जैव निम्नीकरणीय पदार्थ कहलाते है। इस वर्ग के मुख्य पदार्थ है विभिन्न प्रकार की शर्कराए मंड वसाए प्रोटीन कार्बोहाइड्रेट बहुलक आदि। घरेलू मल जल मे ऐसे पदार्थो की प्रधानता होती है। औद्योगिक स्त्रोतो मे आने वाले कतिपय अन्य प्राकृतिक तथा संश्लेशित कार्बनिक पदार्थ जो सूक्ष्म जीवो द्वारा आक्सीकृत हो सकते है। भी इसी श्रेणी मे आते है। जिन पदार्थो का जैव आक्सीकरण और निम्नीकरण नही हो सकता वे अजेव निम्नी करणीय पदार्थ कहलाते है। इन पदार्थो का निम्नीकरण और विलोपन रासायनिक आक्सीकरण और अन्य प्रक्रियाओ द्वारा समपन्न होता है। ये पदार्थ जैव निम्नीकरणीय पदार्थो की तुलना मे बहुत अधिक समय तक परितंत्र मे ज्यो के त्यो पडे रहते है। विभिन्न कीटनाशियो शाकनाशियो लवकनाशियो तथा अन्य अनेक संश्लिष्ट रसायनो को इस श्रेणी में रखा जा सकता है। जैव निम्नीकरणीय कार्बनिक पदार्थो का निम्नीकरण दो प्रकार से हो सकता है। वायु जीवी सूक्ष्म जीवों द्वारा सम्पन्न किये जाने वाले वायवीय आक्सीकरण द्वारा या अवायुजीवी सूक्ष्म जीवो की श्वसन क्रिया के लिये आक्सीजन आवश्यक होती हैं और उसकी अनुपस्थिति मे वे अपना अस्तित्व बनाए नही रख सकते जबकि अवायुजीवी सूक्ष्म जीव आक्सीजन की अनुपस्थिति मे भी अपना अस्तित्व बनाऐं रख सकते हैं इसलियें गंगा जल

की ऊपरी आक्सीजन घनी परतो में वायुजीवी सूक्ष्म जीवो का बाहुल्य होता है। जबकी गहरी आक्सीजन न्यूनता वाली परतो में अवायुजीवियो की अधिकता होती हैं वायुजीवी सूक्ष्म जीव चूकि कार्बनिक पदार्थो का निम्नीकरण आक्सीजन की सहायता से ही कर सकते है। इसलियें इस प्रक्रिया मे आक्सीजन खर्च होती है। सूक्ष्म जीवो द्धारा जैव पदार्थो के निम्नीकरण में उपयुक्त होने वाली आक्सीजन खर्च होती है। सूक्ष्म जीवो द्धारा जैव पदार्थो के निम्नीकरण में उपयुक्त होने वाली आक्सीजन की मात्रा पारितंत्र की बायोकेमिकल आक्सीजन की डिमांड कहलाती है।

पारितंत्र मे विद्यमान जैव पदार्थो के निम्नीकरण में उपयुक्त होने वाली आक्सीजन का स्त्रोत पानी मे घुली आक्सीजन ही हो सकती है। जिसकी मात्रा सीमित है। 20 डिग्री से.ग्रे. तापमान पर स्वच्छ पानी मे घुलित आक्सीजन की मात्रा लगभग 9 मिली प्रति ग्राम लीटर होती है। स्पष्ट है कि नदी में कार्बनिक प्रदूषको की मात्रा बहुत अधिक होने पर सूक्ष्म जीवो द्धारा उनके निम्नीकरण के लिये आवश्यक आक्सीजन का उपयोग बढेगा। अर्थात पारितंत्र की बायोमेडिकल आक्सीजन की डिमांड मे अभिवृद्धि होगी जिससे जल में घुलित आक्सीजन की मात्रा घटेगी और एक निश्चित सीमा के बाद जल में आक्सीजन न्यून्ता की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। गम्भीर आक्सीजन न्यून्ता की स्थिति में पारितंत्र में अवायुजीवी सूक्ष्म जीवो का प्रभुत्व बढ़ता है। और धीरे धीरे समूचे पारितंत्र पर उनका वर्चस्व स्थापित हो जाता है। ऐसी स्थिति में कार्बनिक अवशेशो तथा जैव पदार्थो का अवायु निम्नीकरण होने लगता है। और किण्वन तथा पुयन की प्रक्रियाए प्रभावी हो उठती है। कार्बोहाइड्रेट अवशेशो का निम्नीकरण किण्वन की क्रिया द्धारा होता है। जबकि प्रोटीन का पूयन द्धारा। इन प्रक्रियाओ के परिणाम स्वरूप कार्बनिक अवशेशो के निम्नीकरण से विभिन्न प्रकार के अल्कोहलीय यौगिको, कीटोनो, कम अणुभार वाले अम्लो, मीथेन तथा सडे अण्डो की सी दुर्गंध वाली हाइड्रोजन सल्फाइड आदि का उत्पादन होने लगता है। ऐसे आक्सीजन रहित सडांध युक्त पानी में किसी वायुजीवी प्राणी का अस्तित्व असंभव हो जाता है।

साथ ही साथ व्यापक दुर्गंध संबद्ध जलीय पारितंत्र के निकटवर्ती क्षेत्रो के लिये एक नई समस्या उत्पन्न कर देती है। जैव स्त्रोतो से उत्पन्न कार्बनिक पदार्थो जैसे घरेलू , मल, जल पशुओ के मलमूत्र और कारखानो से बाहर आने वाले प्राकृतिक यौगिक के अलावा नदी के जल मे विभिन्न प्रकार के संश्लेशित कार्बनिक पदार्थ तथा अनेक अकार्बनिक रसायन भी मिलते रहते है। इन यौगिको का भी सूक्ष्म जीवो के माध्यम से जैव आक्सीकरण या पारितंत्र में चलने वाली रासायनिक क्रियाओ के माध्यम से रासायनिक आक्सीकरण होता रहता है। ये प्रक्रियाए भी आक्सीजन खर्च करती है। रासायनिक आक्सीकरण में खर्च होने वाली आक्सीजन पारितंत्र की केमिकल आक्सीजन डिमांड कहलाती है। इस प्रकार विभिन्न अकार्बनिक पदार्थ तथा अजैव निम्नीकरणीय पदार्थ भी पारितंत्र की घुलित आक्सीजन कम करने मे सहयोग देते है।

तेलीय पदार्थ– नदी के प्रवाह पथ मे स्थित प्रेट्रोलियम परिशोधन इकाईयो वनस्पति उद्योग तेल मिलो साबुन उद्योग रंग रोगन इकाइयो लाख तथा पोलिथीन इकाइयो रबर उद्योग तथा ऐसे ही अन्य कई स्त्रोतो से भारी मात्रा मे तैलीय पदार्थ उसके जल में मिलते रहते है। जो पारितंत्र के कई प्रकार से प्रभावित करते है। कारो स्कूटरो तथा बडे मोटर वाहनो की मरम्मत तथा सफाई करने वाले मोटर वाहन रखरखाव केन्द्रो से और वृहद औद्योगिक प्रतिष्ठानो मे मशीनो की धुलाई सफाई के दोरान भी कॉफी मात्रा में तैलीय पदार्थ बाहर आते है। जो निकास जल के साथ गंगा के प्रवाह में मिलते रहते है। पारितंत्र को प्रदूषित करने वाले विभिन्न तैलीय पदार्थो को उनके संरचनात्मक संगठन के आधार पर दो वर्गो मे विभाजित किया जा सकता है। एक वर्ग में जैव स्त्रोतो से उत्पन्न वसीय पदार्थ शामिल किये जा सकते हैं। दूसरे में खनिज तेल या कच्चे पेट्रोलियम के जैव स्त्रोतो से उत्पन्न वसीय पदार्थ मुख्यत: ग्लिसराल तथा विभिन्न श्रृंखला लंबाई वाले वसीय अम्लो के संयोग से बने ट्राइग्लिसराइड एस्टर होते है। वसाओ का निर्माण करने वाले वसीय अम्ल संतृप्त या असंतृप्त होते है। वसीय अम्लो के अणुभार तथा उनकी संतृप्ता के स्तर के अनुसार वसीय पदार्थ सामान्य ताप पर ठोस अवस्था मे होने पर वे वसा और द्रव होने पर तैल कहलाते हैं जल प्रदूषण की दृष्टि से वसा तथा तेल दोनो का महत्व समान है। कच्चा प्रेट्रोलियम विभिन्न हाइड्रोकार्बनो (केवल कार्बन तथा हाइड्रोजन युक्त योगिको) का मिश्रण होता है। जो सीधी और शाखायुक्त श्रृंखलाओ वाले या जटिलता के विभिन्न स्तरो वाली चक्रीय रचनाओ वाले हो सकते है। वसाओ की भांति हाइड्रोकार्बन भी संतृप्त या असंतृप्त हो सकते है। कच्चे प्रेट्रोलियम के प्रभाजी आसवन से प्रेट्रोल, डीजल, केरासीन, बेंजीन, पैराफिन, मोम और परिष्कृत तेल खनिज प्राप्त होते है। इनमें से कोई प्रभाज उच्चवर्गीय पौधो या प्राणियो द्धारा आहार या अन्य किसी भी रूप मे पोषको की प्राप्ती के लिये उपयोग मे नही लाया जाता। केवल कुछ सूक्ष्म जीव इनके आक्सीकरण में समर्थ होते है। अपने विलायक गुणो के कारण कुछ विशेष परिस्थितियो मे ये पदार्थ उच्चवर्गीय पोधो और प्राणियो के लिए अत्याधिक विशाक्त सिद्ध होते है। जैव कोशिकाओ और उतको पर एक परत बनाकर वे कोशिकाओ की पारगम्यता को प्रभावित कर सकते है। जिससे पोषक तत्वो के अभिग्रहण और उत्सर्जी पदार्थो के निश्तारण की प्रतिक्रियाए प्रतिकूल रूप से प्रभावित हो सकती है। तेलीय पदार्थो का घनत्व पानी से कम होता है। और वे उसमे मिश्रणीय नही है। इसलिए नदी के प्रवाह में पहुचने वाले तेलीय पदार्थ पानी की सतह पर तैरते रहते है। और उसके उपर एक चिकनी परत का निर्माण कर देते है। इससे वायु से पानी मे आक्सीजन का मिश्रण अवरूद्ध हो जाता है। परिणाण स्वरूप आक्सीजनकी न्यन्ता की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना बढ जाती हैं।

कीटनाशी रसायन–गंगा के प्रवाह में विभिन्न स्त्रोतो से आने वाले कीटनाषी रसायन भी मिलते रहते है। जो पारितंत्र पर व्यापक और दूरगामी प्रभाव डालते है। गंगा में पहुचने वाले कीटनाषक रसायनो के मुख्य स्त्रोत कृषि क्षेत्रो से आने वाला वह जल शहरो के मल जल विकास प्रणाली तथा विभिन्न प्रक्रमो मे दौरान कीटनाशक रसायनो का उपयोग करने वाले या उनका उत्पादन करने वाले उद्योग है। वर्षा जल के माध्यम से भी कीटनाशको का गंगा में प्रवेश हो सकता है। एक अध्ययन में देखा गया की की मिट्टी में छिडके गये कीटनाशी डाईऐलड्रीन का 0.07 प्रतिशत अंश वहा जल के साथ बह गया। एक अन्य अध्ययन में 280 वर्ग मील क्षेत्रफल के अपवाह तंत्र से एक मील मे पहुचने वाले पानी मे आर्गेनोक्लोरीन मे कीटनाशियो की मात्रा 68 नैनो ग्राम प्रति लीटर तथा कीचड मे 44 प्रतिशत नेनो ग्राम प्रति लीटर पाई गई। जल विलेय कीटनाशी पानी में घुलकर गंगा में पहुचते है। जबकि अविलेय कीटनाशी कणिकीय पदार्थो पर प्रतिशोधित होकर निलम्बन के रूप में गंगा की धारा में पहुच जाते है। सामान्य स्थिति में कृषि क्षेत्रो से गंगा में पहुचनें वाले कीटनाशियो की मात्रा आधक नही होती लेकिन इन रसायनो के छिडकाव के तुरन्त पश्चात भारी वर्षा होने की स्थिति में इनकी

काफी मात्रा गंगा में पहुच सकती हैं हवाई छिडकाव के दौरान कीटनाशी रसायनो का बहुत कम हिस्सा ही लक्ष्य तक पहुचता है शेष हवा में फैल जाता है। हवा में तैरते धूल के कण इसे अधिशोधित कर लेते है। वर्षा होने पर हवा में स्थित में कीटनाशी पानी के साथ जमीन पर या गंगा के प्रवाह मे पहुच जाता है। जो गंगा जल में बेहद जहरीली स्थिति पैदा कर रहै है।

धात्विक यौगिक – विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानो से आकर गंगा में मिलने वाले दूषित जल मे अनेक प्रकार के धात्विक यौगिक भी विद्यमान होते है। जिन धातुओ से इन यौगिको का निमार्ण होता है। उनमे अनेक विभिन्न जीवो पर कई प्रकार के हानिकारक प्रभाव डालती हैं ये प्रभाव अनेक कारको से प्रभावित हो सकते है। कई धातुओ के कुछ यौगिक हानिकारक नही होते जबकि उनके अन्य यौगिक घातक प्रभाव डालते है। इनमे कई यौगिक बहुत स्थायी प्रकृति के होते है। और पारितंत्र मे दीर्घकाल तक बने रहते है। विभिन्न यौगिको के आपस में क्रिया करते रहने और नये यौगिक को जन्म देते रहने के कारण स्थिति और भी जटिल हो जाती कई धात्विक यौगिक कारखानो से बाहर निकलते समय हानिकारक रूप में नही होते लेकिन प्राकृतिक पर्यावरण में अन्य यौगिको से क्रिया करके या सूक्ष्म जीवी अभिक्रियाओ के परिणाम स्वरूप घातक विषयो में बदल जाते है। कुछ धातुए एकल रूप में उतनी हानिकारक न होते हुए भी अन्य धात्वीय यौगिको की उपस्थिति में घातक प्रभाव वाली हो जाती है। कीटनाशियो की भांति अनेक धात्वीय यौगिको में भी जैव उतको मे संचित होने और खाद्य श्रृंखला के उत्तरोत्तर उचे पोशी स्तरो पर अधिकाधिक सान्दीत होते जाने अर्थात जैव आर्वधन की प्रवृत्ति पाई जाती है। ये एक ऐसी प्रवृत्ति है जो धात्वीय प्रदूषण की गंभीरता और जटिलता बहुत बडा देती है। क्योकि इस स्थिति में जल मे इन पदार्थो की सान्द्रता अत्यल्प होने पर भी उच्च पोशी स्तर पर स्थित प्राणियो के शरीर में उनकी इतनी अधिक मात्रा संचित हो सकती है। कि उन पर घातक प्रभाव भी पड सकते है।

रोगाणु तथा बीमारीया – गंगा के प्रवाह मे पहुचने वाला वाहित मल तथा अन्य अनेक प्रकार के जैव पदार्थ विविध प्रकार के रोगजनक जीवाणुओ तथा विशाणुओ की वृद्धि तथा प्रजनन को प्रोत्साहित करते है। ऐसे पानी को पीने उसमे स्नान करने और उससे प्राप्त मछलीयो को अन्य खाद्य पदार्थो का भक्षण करने पर पशु तथा मनुष्य अनेक प्रकार की बिमारीयो से ग्रस्त हो सकते है। सीधे नदी के पानी के उपयोग से रोगग्रस्त होने के साथ साथ ऐसे पानी से रोग ग्रस्त हुए पशुओ के माध्यम से भी मनुष्य अनेक बीमारीयो का शिकार हो सकता है। जैव पदार्थो की भारी मात्रा से प्रदूषित पानी के उपयोग से होने वाले रोग है। हैजा, मियादी बुखार, प्रवाहिका, पेचीस, पैराटायफाइड, जठरांधशोध, अमीबता, गिआर्डियता, टीनीयता, फैसिग्रोलता तथा गिनीकृमि आदि रोग। दूषित जल में पनपने वाले रोगजनो के कारण होने वाली अनेक बीमारियो के संक्रामक प्रकृति की होने के कारण उनके महामारी का रूप लेने का खतरा बना रहता है। गंगा के गंभीर प्रदूषण ने उसके कई तटवर्ती शहरो में पीलीया से प्रभावित होने वाले व्यक्तियो की संख्या में वृद्धि की है। गिनीयावम बीमारी भी एक ऐसी घातक बीमारी है। जिसका अब तक कोई प्रभावी इलाज नही ढूंढा जा सका। प्रदूषित जल को पीने पर उसमे उपस्थित सारक्लोपस नामक जल कीट के माध्यम से गिनीयावर्म के लारवे मनुष्य के शरीर में पृवीष्ट हो जाते है। वहा ये लम्बे क्रमीयो के रूप में विकसित होते है। और लगभग एक वर्ष के अंतराल के बाद यें क्रमि त्वचो मे बाहर निकलने लगती है। इनसे जो घाव होते है। उनमे असहाय पीडा एवं जलन होती है। यद्यपि ये क्रमि मुख्यत: पैरो तक ही केन्द्रीत रहते है। लेकिन शरीर के किसी भी भाग में उपस्थित हो सकते है। पूर्णरूप से बढने के बाद इनकी लम्बाई बहुत अधिक हो जाती है। एक बार इन क्रमियो से ग्रस्त हो जाने के बाद इनसे मुक्ति का एक बार ही एक ही तरीका शेष बचता है। वह है। एक एक कर इनको शरीर से बाहर खीच लेना। लेकिन यह एक खतरनाक तरीका हैं क्योकि ऐसा करते समय क्रमि अगर टूट जाता है। तो संक्रमण और अन्य जटिलताए उत्पन्न होने की आशंका बढ़ जाती है। प्रदूषित जल पशुओ में भी अनेक रोग उत्पन्न कर सकता है। इनमे से यक्ष्मा पूर्ति कंठदाह एंथेक्स धनुस्तंभ उर्मिल ज्वर क्रमिता मियादी ज्वर और स्फोट जैसी बीमारीया पशुओ के माध्यम से मनुष्य तक पहुच सकती है। विभिन्न प्रकार के रोगाणुओ से संक्रमित शवो के नदी में प्रवाहित किये जाने से भी मनुष्य तथा पशुओ में अनेक रोगो का संक्रमण हो सकता है। इस प्रकार के पशुओ में फैलने वाले अनेक रोग है। रक्त स्त्रावी सेप्टीसीमिया, ब्लैक क्वार्टर, एंथ्रैक्स, रिडरपैस्ट, एंस्कैरिस्ता, टीनीयता, फाइलेरियता तथा फैसिओलता आदि।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. गंगा (एक अध्ययन) डॉ. ब्रहम दत्त त्रिपाठी एंव अखिलेश कुमार सिंह, प्रथम संस्करण 1996 , नागरी प्रचारणीय संभा वाराणसी ।
2. भारत की नदियाँ, राधाकांत भारतीय, प्रथम संस्करण वर्ष 1998 , नेशनल बुक ट्रस्ट दिल्ली ।
3. काशी के घाट , डॉ. हरिशंकर, प्रथम संस्करण वर्ष 1996 , विश्वविद्यालय प्रकाशन वाराणसी ।
4. बनारस (सिटी ऑफ लाईफ) डायना. एल. ईक. प्रथम संस्करण वर्ष 1983 , डी. यूनिक पब्लिकेशन दिल्ली ।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

Organic Photovoltic Solar Cells and Sustainable Development

Hitesh Kumar Midha*

*Assistant Professor, Govt. Girls College, Sri Ganganagar (Raj.) INDIA

Introduction - Worldwide energy demands were high due to population growth, economic expansion, and industrialization. Although it can be difficult to give exact numbers, the following are some significant components of the energy requirements during that time:

1. **Total Energy Consumption**: The amount of energy consumed worldwide in 2010 was between 13,000 and 14,000 million metric tons of oil equivalent (Mtoe). This covers all energy use in the commercial, industrial, residential, and transportation sectors.
2. **Fossil Fuel Dominance:** Coal, oil, and natural gas, collectively known as fossil fuels, made up the bulk of the energy used worldwide in 2010. The production of power, transportation, and industrial operations all made heavy use of these non-renewable resources.
3. **Electricity Demand:** In 2010, the world's need for power grew quickly. The growing use of electrical appliances, lights, and industrial machinery was a major factor in the consumption of energy in both the industrial and domestic sectors.
4. **Developing Countries:** Energy demand increased significantly in developing nations, notably in emerging economies like China, India, and Brazil. Increased energy consumption for infrastructure development, industrial expansion, and growing living standards was a result of rapid urbanization and economic development.
5. **Transportation Sector:** An important consumer of energy, especially from petroleum products, was the transportation sector. This covers the energy used by vehicles such as cars, trucks, ships, planes, and trains. Growing energy needs in the transportation industry were influenced by rising vehicle ownership and rising mobility demands.
6. **Industrial Sector:** Energy was a significant input for a variety of operations in the manufacturing, construction, and heavy industries, including heating, cooling, machinery operation, and production. Steel, cement, and chemical production accounted for a sizeable amount of the world's energy needs.
7. **Residential and Commercial Sectors:** Energy was used in the home and commercial sectors for lighting, heating, cooling, and running appliances. Regional differences in population density, climatic circumstances, and economic reasons all have an impact on the energy consumption in various industries.
8. **Energy Mix:** The mix of energies differed between nations and areas. There were geographical variations in the reliance on particular energy sources, even though fossil fuels made up the majority of the world's energy consumption. Hydropower, wind power, and solar power were all significant sources of renewable energy in several nations.

It's crucial to remember that these numbers and trends are estimates that could change depending on the data sources and methodology used. Since 2010, the world's energy requirements have changed, with a growing emphasis on sustainable energy, energy efficiency, and renewable energy sources in response to worries about climate change and the shift to a low-carbon economy.

OPV And Sustainable Development: Solar cells made on organic photovoltaic (OPV) materials have the potential to support sustainable development in a number of ways. The following significant factors underline the connection between OPV solar cells and sustainable development:

1. **Renewable Energy Generation:** OPV solar cells use the sun's energy to produce electricity. OPV technology aids in reducing dependency on fossil fuels, which are a major cause of greenhouse gas emissions and climate change by employing sustainable solar energy. By encouraging a low-carbon and clean energy future, this switch to renewable energy sources is in line with the objectives of sustainable development.
2. **Environmental Impact:** In comparison to conventional silicon-based solar cells, OPV cells produce less waste throughout the production process. OPV cell manufacturing often uses less energy and emits fewer greenhouse gases. Further decreasing environmental deterioration is the use of organic materials in OPV cells, which eliminates the need for resource-intensive mining and extraction.
3. **Material Efficiency and Resource Conservation:**

The possibility for thin-film, flexible, and lightweight solar cells is provided by OPV technology. This characteristic enables the effective use of resources and lowers the amount of raw materials needed for each unit of produced energy. Additionally, OPV cells can be made from readily available, inexpensive materials like polymers, which helps conserve resources.

4. Energy Access and Decentralization: In places with poor access to electrical infrastructure, OPV solar cells offer possibilities for localized energy generation. These cells enable energy availability in rural or underserved areas by being incorporated into construction materials, portable electronics, and off-grid systems. OPV technology supports the sustainable development objectives of reduced poverty and raised living standards by increasing energy fairness.

5. Manufacturing Scalability and Cost Reduction: Manufacturing procedures that are scalable and economical may be possible with OPV cells. Large-scale production is made possible by roll-to-roll printing and coating techniques, which also lower manufacturing costs and broaden the market for solar technology. Reduced costs make renewable energy more accessible and promote its wider adoption, enabling the transition to a sustainable economy and energy system.

6. Technological Innovation and Research Advancements: Continuous investigation and invention are necessary for the improvement and development of OPV technology. As a result of this process, advances in material research, device engineering, and manufacturing methods are made, which may have effects beyond OPV cells. These technological developments promote the goals of sustainable development by advancing renewable energy technology as a whole.

7. Circular Economy and End-of-Life Considerations: OPV cells have the potential to be recyclable and in line with the concepts of the circular economy. Utilizing organic materials makes component separation and recycling simpler. Research is being done to provide effective recycling techniques and enhance the sustainability of OPV technology over the course of its lifecycle, including waste management and disposal issues.

Despite the fact that OPV technology has demonstrated tremendous potential for sustainable development, it is important to note that more study, development, and optimization are needed to increase efficiency, stability, and scalability. By continuing in these directions, we can maximize the advantages of OPV solar cells in accomplishing sustainable development objectives.

References:-

1. Krebs, F.C. (2009). Fabrication and processing of polymer solar cells: A review of printing and coating techniques. Solar Energy Materials and Solar Cells, 93(4), 394-412.
2. Espinosa, N., et al. (2012). Organic Photovoltaic Devices: Degradation Processes and Approaches to Enhance the Stability. Energy & Environmental Science, 5(1), 5117-5145.
3. Ameri, T., et al. (2013). Organic Photovoltaics: Technology and Market. Solar Energy Materials and Solar Cells, 119, 75-86.
4. Li, G., et al. (2012). Development of Semiconducting Polymers for Solar Energy Harvesting. Polymer Chemistry, 3(8), 2022-2038.
5. Krebs, F.C. (2009). Stability of Polymer Solar Cells. Advanced Materials, 21(23), 1-14.
6. Halls, J.J.M., et al. (1995). Efficient photodiodes from interpenetrating polymer networks. Nature, 376(6540), 498-500.
7. Li, G., et al. (2012). High-Efficiency Solution Processable Polymer Photovoltaic Cells by Self-Organization of Polymer Blends. Nature Materials, 4(11), 864-868.
8. International Energy Agency (IEA) - World Energy Outlook 2010.

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

कृषि साख में संस्थागत ऋणों की बढ़ती भागीदारी

डॉ. प्रवीण पंड्या*

* सह आचार्य (अर्थशास्त्र) राजकीय कन्या महाविद्यालय, खेरवाड़ा (उदयपुर) (राज.) भारत

प्रस्तावना – कृषि ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार स्तम्भ होने के साथ ही ग्रामीणों का मुख्य व्यवसाय भी है, जिसमें लगभग 52 प्रतिशत लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रुप से रोजगार प्राप्त है। देश के घरेलू उत्पाद में भी कृषि का लगभग 14 प्रतिशत योगदान है। स्वतंत्रता के पश्चात देश के समक्ष एक बड़ी चुनौती थी – ग्रामीणों के आधारभूत जीवन में सुधार के लिए उन्हें साहूकारों अथवा महाजनों के उंची ब्याज दर पर दिए जाने वाले ऋणों से मुक्ति दिलाना एवं उन्हें पूंजी उपलब्ध कराना। कृषकों की कृषि से संबंधित आवश्यकताओं यथा – मानसून पर अत्याधिक निर्भरता को कम करने, सिंचाई की सुविधाओं के विस्तार, बेहतर बीजों की उपलब्धि, उन्नत तकनीक के इस्तेमाल एवं समुचित विपणन हेतु कृषि साख की आवश्यकता होती है। भारत में ग्रामीण क्षेत्र में साख प्रदान करने में संस्थागत स्त्रोतों की हिस्सेदारी बढ़कर लगभग 80 प्रतिशत हो गई है, एवं इसमें निरंतर वृद्धि जारी है। अपेक्षा है कि कृषि साख को अधिक सरल, सुलभ, पारदर्शी बनाया जाऐ एवं कृषकों में जागरुकता एवं ज्ञान प्रदान करने के सार्थक प्रयास किए जाऐं।

वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार यहां की 68.84 प्रतिशत जनसंख्या आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में ही निवास करती है। यहां खेती एक अरब से अधिक लोगों का पेट भरती है, हल्के उद्योगों के लिए कच्चे माल की जरुरतों के 68 प्रतिशत की आपूर्ति, औद्योगिक उत्पादों के लिए बाजार प्रदान एवं निर्माण के लिए धन जमा करती है। कृषि उत्पादन अर्थव्यवस्था के विकास पर काफी हद तक असर डालता है। यह निर्माण के पैमाने और गति को निर्धारित करता है। अत: किसान और कृषि की रक्षा दरअसल देश और उसकी सम्प्रभुता की रक्षा है।

भारतीय कृषि मानसून के साथ ही एक और महत्वपूर्ण कारक पर निर्भर है और वह है कृषि साख प्रबन्ध अर्थात सही समय पर ऋण प्राप्ति जो किसानों के लिए अमृत का काम करती है। भारत में प्रमुख रुप से छोटे और मंझौले किसानों की संख्या अत्याधिक है जो पूर्णत: कृषि उपज पर ही निर्भर होते है। उसी उपज से अपने परिवार की आजीविका चलाते है और उस उपज के एक भाग को बचाकर अगले उत्पादन के लिए लागत के रुप में लगाते हैं और यही क्रम लगातार चलता रहता है। यदि इस क्रम में कोई गतिरोध उत्पन्न हो जाता है तो इसका सीधा प्रभाव कृषिगत उत्पादन पर पडता है। इसके साथ ही यदि किसानों को समय पर ऋण उपलब्ध नहीं हो पाता है तो उन्हें बहुत सी समस्याओं का सामना करना पडता है।

किसानों की अल्पावधि एवं मध्यावधि वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति गैर संस्थागत स्त्रोतों में गांवों में विशेष रुप से महाजन अथवा साहूकार तथा मित्र एवं रिश्तेदार, व्यापारी, कमीशन एजेण्ट और भू-स्वामी द्वारा होती है। ये साहूकार अथवा महाजन उत्पादक एवं अनुत्पादक दोनों प्रकार के प्रयोजनों के लिए अल्पावधि एवं मध्यावधि ऋण प्रदान करते हैं। देसी किसान तबके में आज भी वे साहूकार और ब्याज पर पैसे देने वालों की जकड़न में जकड़े हुए है। स्वतंत्रता के समय भारत में किसानों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने में इनका लगभग 75 प्रतिशत योगदान था। इसमें कोई आश्चर्यजनक बात नहीं हैं कि बेहद उंची ब्याज दरों पर ऋण देने वाले ये साहूकार कृषि क्षेत्र को दिए गए कुल ऋण में एक बडी हिस्सेदारी रखते हैं। कृषि क्षेत्र में दूसरा स्त्रोत संस्थागत स्त्रोत हैं। संस्थागत ऋण में ऐसी राशियां सम्मिलित की जाती हैं जो सहकारी समितियों, वाणिज्यिक बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, नाबार्ड, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा उपलब्ध करायी जाती है। संस्थागत वित्त का महत्व 1970 के बाद तीव्र गति से बढा है। 1970 में कृषि क्षेत्र को 1798 करोड़ रुपये ऋण के रुप में प्रदान किए गए।

सहकारी वित्त समितियां गांव में किसानों को अल्पकालीन एवं मध्यकालीन ऋण प्रदान कर महाजनों के शोषण से मुक्त कराती हैं। सहकारी समितियों ने उधार, बैंकिंग, कृषि आगतों के वितरण, कृषि विधायन, भण्डारागार और गोदाम कायम करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, यद्यपि सहकारी आन्दोलन अधिक सफल नहीं हो पा रहा है। भूमि विकास बैंक भूमि की प्रतिभूति पर कृषकों को भूमि पर स्थायी सुधार, कृषि यंत्रों जैसे ट्रेक्टर, थ्रेशर आदि खरीदने एवं किसानों को पुराने ऋणों के भुगतान के लिए 15-20 वर्षो के लिए दीर्घकालीन ऋण प्रदान करते हैं। देश में कृषि एवं ग्रामीण विकास कार्यो की वित्त व्यवस्था के लिए, कृषि साख संस्थाओं को पुन: वित्त प्रदान करने के लिए, वित्त संस्थाओं के कार्यो में समन्वय स्थापित करने के लिए कृषि वित्त की सर्वोत्तम संस्था के रुप में 12 जुलाई 1982 को नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक) की स्थापना की गई। इसका मुख्य उद्देश्य कृषि, ग्रामीण लघु एवं कुटीर उद्योगों, दस्तकारी एवं ग्रामीण कला के विकास हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करना है। व्यापारिक बैंकों द्वारा कृषि क्षेत्र में साख की मात्रा में निरंतर वृद्धि हुई हैं। जहॉ 1950-51 में व्यापारिक बैंकों का कुल प्रदत्त ऋणों में योगदान 1 प्रतिशत था, वहीं 2008-09 में बढ़कर इन बैंकों के द्वारा 2,02,856 करोड़ का ऋण प्रदान किया गया। वर्तमान में लगभग 65 प्रतिशत ऋण संस्थागत स्त्रोतों द्वारा उपलब्ध कराए जाते हैं। वित्तीय वर्ष 2011-12 में देश में कृषि क्षेत्र को प्रदत्त संस्थागत साख में भारी वृद्धि दर्ज की गई। वित्तीय वर्ष 2011-12 में देश में कृषि क्षेत्र को रु. 4,75,000 करोड के ऋण वितरण एवं वर्ष 2013-14 में 7,00,000

करोड़ के संस्थागत ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य था। इस लक्ष्य के मुकाबले 2013-14 में 7,30,766 करोड़ की राशि वितरित की गई। अधिकांश ऋण अनुसूचित व्यापारिक बैंकों द्वारा दिया गया परंतु क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक तथा सहकारी बैंकों ने भी 2013-14 में अपनी भागीदारी में सुधार किया है।

तालिका 1 : कृषि क्षेत्र को वितरित एजेन्सीवार साख (प्रतिशत में)

संस्थागत स्त्रोत	2012-13	2013-14
सहकारी बैंक	18.31	16.21
क्षेत्रीय ग्रामीण	10.48	11.31
बैंक वाणिज्यिक बैंक	71.21	72.48

सरकार एवं भारतीय स्टेट बैंक कृषि कार्य के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष दोनों रुप में साख उपलब्ध कराते हैं। यह बैंक सहकारी समितियों को नीची ब्याज दरों पर ऋण, ग्रामीण क्षेत्रों में गोदामों के निर्माण हेतु साख व्यवस्था, विपणन समितियों को ऋण तथा भूमि विकास बैंकों के ऋण पत्र खरीदकर साख उपलब्ध कराता है। वर्तमान में भारतीय स्टेट बैंक एवं इसके सहायक बैंकों की देश में लगभग 18992 शाखाओं में से 6622 शाखाएं ग्रामीण क्षेत्रों में है। भारतीय रिजर्व बैंक एवं नाबार्ड के संयुक्त प्रयासों से वर्ष 1998-99 में किसान क्रेडिट कार्ड चलन में आया। किसान क्रेडिट कार्ड योजना का प्रमुख उद्देश्य बैंकों से किसानो को प्राप्त होने वाली आर्थिक सहायता की प्रक्रिया को सरल बनाना है ताकि किसानो को कृषिगत आवश्यकताओं की पूर्ति आसानी से हो सके। किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानो को अल्पकालीन ऋण कम ब्याज दर पर सुविधाजनक तरीके से उपलब्ध कराया जाता है। भारत में प्राय: सभी राज्यों में किसान क्रेडिट कार्ड सभी राष्ट्रीयकृत वाणिज्यिक बैंकों एवं क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के माध्यम से जारी किए जाते हैं। किसान क्रेडिट कार्ड के चलने से किसानों की गांव के साहूकारों पर से निर्भरता समाप्त हो गयी है और साथ ही किसानों को बिना किसी जटिल प्रक्रिया के समय पर आसानी से ऋण उपलब्ध हो जाता है। रिजर्व बैंक के आंकडों के अनुसार वर्ष 2009-10 तक देश में 3 करोड़ 50 लाख 80 हजार किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए जा चुके हैं। 2011-12 में सहकारी संस्थाओं, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक एवं सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा कुल 12.98 करोड़ किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए गये और उनके लिए कुल 1262.8 अरब रुपये राशि स्वीकृत की गई।

यद्यपि राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एन. एस. एस. ओ.) के 70 वें चक्र के 2012-13 के सर्वेक्षण के परिणाम यह दर्शाते हैं कि लघु एवं सीमांत किसानों की गरीबी दूर नहीं हो रही है। तकनीक तक पहुंच, जागरुकता का अभाव और संस्थागत ऋण हासिल करने के लिहाज से भी ये मजबूर बने हैं और उन्हें लाभकारी मूल्यों का फायदा भी नहीं मिल रहा। परंतु कृषि ऋणग्रस्तता का एक अहम पक्ष यह भी है कि यह कृषि के लिहाज से अपेक्षाकृत पिछड़े हुए इलाकों की तुलना में कृषि के पैमाने पर सम्पन्न क्षेत्रों में ज्यादा है। एन. एस. एस. ओ. के आकडें में आंध्रप्रदेश में यह 93 प्रतिशत, तमिलनाडू में 82.5 प्रतिशत है जबकि उसके मुकाबले छत्तीसगढ में महज 37 प्रतिशत और असम में 17.5 प्रतिशत है।

पिछले एक दशक में कृषि के लिए संस्थागत ऋण में काफी तेजी आई है, मगर किसानों को उतना लाभ नहीं मिला है, जितना कृषि संबंधित गतिविधियों से जुडे कृषि कारोबारियों और कम्पनियों को हासिल हुआ है। टाटा इंस्टीट्यूट आफॅ सोशल साइंसेज के अध्ययन से यह स्पष्ट होता है। अध्ययन के अनुसार कुल कृषि ऋण का 30 प्रतिशत से भी कम बैंकों की ग्रामीण शाखाओं द्वारा जारी किया जाता है, शेष 70 प्रतिशत ऋण बैंकों की महानगरीय, शहरी एवं कस्बाई शाखाओं द्वारा दिया जाता है। रियायती दरों पर मिलने वाले कृषि ऋण के इतने बडे पैमाने पर अन्य क्षेत्रों में विचलन को किसी भी हिसाब से स्वीकार नहीं किया जा सकता भले ही उन क्षेत्रों का कृषि से अप्रत्यक्ष रुप से संबंध हो। किसानों को अपनी परिचालन लागत को पूरा करने और उत्पादकता में वृद्धि करने वाले उपायों के लिए वित्त की शिद्दत से दरकार है।

यद्यपि कृषि ऋण ने वित्त वर्ष 2015-16 में 8.5 लाख करोड रुपये का आकडा छू लिया। विचारणीय बात यह है कि आर. बी. आई ने वर्ष 2012 में बैंकों के लिये यह सीमा निर्धारित कर दी है कि उनके द्वारा दिए जाने वाले कुल ऋण का 4.5 प्रतिशत भाग कृषि क्षेत्र को दिया जाएगा, लेकिन उस कदम का प्रभाव अभी तक नजर नहीं आया है। न तो किसानों को दिए जाने वाले ऋणों के अनुपात में कोई सराहनीय बढ़त दर्ज हुई है और न ही किसानों की वित्तीय जरुरत को पूरा करने में असंगठित क्षेत्र की प्रासंगिकता किसी मायने में कम हुई है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय की वर्ष 2013 की रिपोर्ट में यह दर्शाया गया है कि ग्रामीण परिवारों के कुल बकाया ऋणों में लगभग 44 प्रतिशत असंगठित क्षेत्र के थे। इसमें भी बदतर स्थिति यह थी कि कुल 33 प्रतिशत से अधिक कर्ज साहूकारों से लिया गया था। इसकी एक वजह तो कृषि ऋण की अवधारणा के विस्तार से हो सकती है जिसमें 2000 के दशक से ही प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कृषि ऋण की परिभाषा में कई परिवर्तन हुए हैं। ऐसा लगता है कि वाणिज्यिक बैंक मौजूदा परिभाषाओं और नियमावलियों में कमियों का लाभ उठाते हुए अपनी शहरी शाखाओं से दिए जाने वाले कुछ ऋण को भी कृषि ऋण के तौर पर दर्शाने में सफल हुए हैं। यह शंका इस तथ्य से भी पुख्ता होती है कि जिस अनुपात में वाणिज्यिक बैंकों के कृषि ऋण में वृद्धि हुई है, उस अनुपात में उनकी ग्रामीण शाखाओं का विस्तार नहीं हुआ है। इसके अतिरिक्त संस्थागत क्षेत्रों से ऋण प्राप्ति में भी किसानों को कई तरह की अनियमितताओं का सामना करना पड़ता है। कई जगह तो उनसे अवैध शुल्क की मांग तक की जाती है। देश के ग्रामीण क्षेत्रों में तो किसान क्रेडिट कार्ड के लिए दलालों का एक वर्ग तक पैदा हो गया है।

ये सभी रुझान व्यथित करने वाले हैं, जिन पर ध्यान देने की दरकार है ताकि सस्ते कृषि ऋण जरुरतमंद किसानों तक पहुंच सके और अपनी उपयोगिता सिद्ध कर सके। इस क्षेत्र को संवारने के लिए बेहतर दूरदर्शी, सुलभ ऋणनीति एवं पारदर्शी ऋण प्रवाह की नीति बनानी होगी। हम न केवल ऋण सुविधाओं की आपुर्ति सुनिश्चित करें बल्कि आवश्यकता इस बात की भी है कि हम किसानों को इन सुधारों के द्वारा इतना सशक्त बना दें कि वे अपनी जरुरत स्वयं पूरा कर सके और खेती को लाभदायक रोजगार मानें।

वित्त वर्ष 2014-15 के आम बजट में कृषि क्षेत्र पर पर्याप्त ध्यान देने हेतु कई प्रावधान किए गये थे। किसानों को 7 प्रतिशत ब्याज दर पर कर्ज मिलने के साथ ही किसान विकास पत्र फिर से प्रारंभ करने, किसानों को सस्ता ऋण उपलब्ध कराने के लिए 8 करोड़ रुपये का आबंटन, 2015-16 में 8.5 लाख करोड़ का आबंटन, 100 करोड़ रुपये के व्यय के साथ मृदा स्वास्थ्य कार्ड बांटे जाने की घोषणा, किसान बाजार बनाने, किसानों के सशक्तिकरण और उन्हें जागरुकता और साख प्रदान करने के लिए एक टी.वी. चैनल शुरु करने का प्रस्ताव किया गया है, यह स्वागत योग्य कदम है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कृषि अर्थशास्त्र- डॉ. के.सी. भटनागर।
2. रुद्रदत्त एवं सुन्दरम्- भारतीय अर्थव्यवस्था।
3. एम.एल. झिंगन एवं पी.के. गुप्ता- भारत की आर्थिक समस्यायें।
4. डॉ. अमर्त्य सेन- आर्थिक विकास एवं स्वातंत्र्य।
5. डॉ. जे.सी. पंत एवं जे.पी. मिश्रा- भारतीय अर्थव्यवस्था।
6. योजना- अगस्त 2014
7. कुरुक्षेत्र- जून 2011, दिसम्बर 2013, अप्रेल 2015, जून 2015
8. प्रतियोगिता दर्पण- भारतीय अर्थव्यवस्था अतिरिक्तांक।
9. बिजनेस स्टैण्डर्ड, दैनिक भास्कर, पत्रिका।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

भारत में ग्रामीण विकास एक चुनौती – भौगोलिक अध्ययन

डॉ. पन्नालाल कटारा*

* सह आचार्य (भूगोल) वीकेबी राजकीय कन्या महाविद्यालय, डूंगरपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – गाँधी जी के अनुसार 'भारत की आत्मा गाँवो में निवास करती है।' अत: ग्रामीण क्षेत्रों के विकास से ही भारत का विकास सम्भव है। किन्तु आजादी के 70 वर्षो के बाद भी आज ग्रामीण विकास देश के लिए एक बड़ी चुनौती है। ऐसा भी नहीं है कि ग्रामीण विकास की दिशा में सरकार द्वारा कदम न उठाए गए हों। आजादी के बाद से ही गाँवों के विकास के लिए विविध पंचवर्षीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से प्रयास किए गए है। इनके लिए करोड़ों रुपये व्यय किए गए, किन्तु अभी भी गाँवों में गरीबी, बेरोजगारी, अस्वच्छता, पेय जल की कमी, चिकित्सा सुविधाओं की कमी, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा न मिलना आदि समस्याएँ सिर उठाए खड़ी हैं। गाँवों से बेरोजगार युवाओं का पलायन नगरों की ओर हो रहा है, जबकि गाँवों में रोजगार की अनेक सम्भावनाएँ हैं। गाँवों में कुटीर एवं लघु उद्योगों जैसे–कृषि उपज, वनोपज, हस्तशिल्प, काष्ठशिल्प, मिट्टी शिल्प आदि से सम्बन्धित इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार प्रशिक्षण देने की जरूरत है।

